Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 28 | गुरूवार, 29 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आज होगा अंतिम संस्कार

# उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का विमान दुर्घटना में निधन



**मुंबई।**

महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे कद्दावर चेहरों में से एक और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का बुधवार सुबह एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया। यह दुर्घटना पुणे जिले के उनके गृहनगर बारामती के हवाई अड्डे के पास लैंडिंग के दौरान हुई। क्रैश होने के साथ ही विमान विस्फोट के साथ आग का गोला बन गया। विमान में सवार चालक दल सहित सभी पांच लोगों की इस दुर्घटना में जान चली गई। प्रदेश सरकार ने राज्य में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। फडणवीस बारामती पहुंचे और अजित पवार की मौत को अविश्वसनीय बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक अच्छा दोस्त खो दिया है। डीजीसीए ने हादसे के कारणों की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) की एक विशेषज्ञ टीम दुर्घटनास्थल पर पहुंच गई है, ताकि दुर्घटना की फोरेंसिक जांच शुरू की जा सके।महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में 'दादा' के नाम से मशहूर 66 वर्षीय अजीत पवार बुधवार सुबह करीब 8.10 बजे मुंबई से पुणे जिले स्थित बारामती के लिए रवाना हुए थे। वह वहां पांच फरवरी को होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों के प्रचार के लिए चार जनसभाओं को संबोधित करने जा रहे थे। दुर्घटना में मारे गए अन्य लोगों में कैप्टन सुमित कपूर, को-पायलट कैप्टन शाम्भवी पाठक, अजीत पवार के पर्सनल सिक्योरिटी आफिसर विदित जाधव और फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली शामिल हैं।

# मणिपुर हिंसा मामले में जस्टिस गीता मित्तल समिति का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मणिपुर में जातीय हिंसा के पीड़ितों की राहत और पुनर्वास की देखरेख के लिए गठित जस्टिस गीता मित्तल समिति का कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ा दिया।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने समिति का कार्यकाल तब बढ़ाया जब उन्हें सूचित किया गया कि इसका कार्यकाल पिछले साल जुलाई में समाप्त हो गया था। पीठ को यह भी सूचित किया गया कि समिति ने अब तक पीड़ितों के पुनर्वास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सुप्रीम कोर्ट को 42 रिपोर्टें सौंपी हैं। सात अगस्त, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों की राहत और पुनर्वास तथा उन्हें मुआवजा दिलाने की निगरानी के लिए हाईकोर्ट की तीन पूर्व महिला जजों की एक समिति गठित करने का आदेश दिया था। साथ ही, महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस प्रमुख दत्तात्रेय पद्सलगीकर को आपराधिक मामलों की जांच की निगरानी करने का निर्देश दिया गया था। समिति को सीधे सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अधिकार दिया गया था। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की पूर्व चीफ जस्टिस गीता मित्तल की अध्यक्षता वाली इस समिति में बांबे हाईकोर्ट की पूर्व जज (सेवानिवृत्त) शालिनी पी. जोशी और दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व जज आशा मेनन शामिल हैं।

**सुप्रीम कोर्ट को अभी 42 रिपोर्टें सौंपी**

## बारामती प्लेन क्रैश में दिल्ली की बेटी शांभवी पाठक का निधन

**दक्षिणी दिल्ली।**



महाराष्ट्र के बारामती में हुए प्लेन क्रैश में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ को पायलट शांभवी पाठक का भी निधन हो गया। शांभवी का परिवार दक्षिणी दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव के ए 1/162 में रेंट पर रहता था। दो दिन पहले परिवार सफदरजंग एन्क्लेव में ही ए 1/313 के फ्लैट में शिफ्ट हुआ था। परिजन शांभवी की शादी के लिए बातचीत कर रहे थे। ऐसे में जिस घर में शादी की शहनाई गूंजनी थी, अब वहां मातम पसर गया है। शांभवी के निधन पर पड़ोसियों को यकीन ही नहीं हो रहा है। पिता और दादा एयरफोर्स में थे, इसके चलते शांभवी ने भी एविएशन फील्ड को चुना। परिवार शादी कराने की तैयारी में था, पर उसके निधन से मां रोली पाठक एकदम से टूट चुकी हैं। पिता विक्रम पाठक बेटी के शव लेने के लिए मुंबई रवाना चुके हैं। वहीं छोटा भाई वरुण मां के पास उन्हें ढांढस बंधा रहा है। देर शाम स्थानीय विधायक सतीश उपाध्याय भी परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।

## तेलंगाना में 100 और आवारा कुत्तों की हत्या

**हैदराबाद।**



**वादे निभाने की दरिंदगी**

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले से इंसानियत को शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है, जहां थिम्माइपल्ली गांव में करीब 100 आवारा कुत्तों को जहर के इंजेक्शन देकर मार डाला गया। इसके साथ ही दिसंबर 2025 से अब तक राज्य में मारे गए कुत्तों की संख्या 1200 के पार पहुंच गई है। पशु अधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, यह निर्मम कृत्य 10 दिन पहले अंजाम दिया गया और शवों को गांव से दो किलोमीटर दूर दफना दिया गया। आरोप है कि इसके लिए पेशेवर डॉग किलर बुलाए गए और करीब 18 हजार रुपये खर्च किए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने ग्राम पंचायत सरपंच के बेटे, पंचायत सचिव और एक ग्रामीण के खिलाफ बीएनएस तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अब तक 12 कुत्तों के शव बरामद हुए हैं, जांच जारी है। पशु कल्याण कार्यकर्ता एम प्रीति ने सीधे तौर पर सरपंच और पंचायत सचिव को इस अमानवीय साजिश के लिए जिम्मेदार बताया है।

**1200 के पार पहुंच गई है।**

कार्यकताओं का दावा है कि दिसंबर में हुए ग्राम पंचायत चुनावों से पहले ग्रामीणों से किए गए आवारा कुत्तों से निजात के वादे निभाने के लिए यह सामूहिक हत्या कराई गई। यानी जनसेवा नहीं, बल्कि सत्ता की सीढ़ी बनने के लिए बेजुबानों की बलि दी गई। इसी बीच सिद्दीपेट जिले के बोप्पापुर गांव में 50 आवारा कुत्तों को अवैध रूप से पकड़कर जंगल में छोड़ने का एक और मामला सामने आया है। इस प्रकरण में भी सरपंच और पंचायत सचिव पर आरोप लगाए गए हैं।

## शराब-बीयर की कीमतें बढ़ेंगी

**जयपुर।**



राजस्थान सरकार ने बुधवार को नई संशोधित आबकारी नीति जारी की है। इसमें आबकारी शुल्क में बढ़ोतरी करने से देसी और अंग्रेजी शराब के साथ ही बीयर की कीमतों में एक अप्रैल से पांच से लेकर 20 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी। नई नीति के तहत ठेकेदारों को पहले से अधिक शराब बेचनी होगी। वर्तमान में जो ठेके चल रहे हैं, उनके लाइसेंस के नवीनीकरण की फीस बढ़ाई गई है। शराब की दुकान खोलने के समय को पुनर्विचार करने के बारे में अधिकार आबकारी आयुक्त को दिया गया है।

# कैबिनेट की बैठक आज



**लखनऊ।**

इस बैठक में शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा के साथ कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। राज्य कर्मचारियों की तरह प्रदेश सरकार शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा का तोहफा देने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी। प्रदेश के करीब 8 लाख से अधिक शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में नाव पलटने से हुए हादसे से पीड़ित ग्रामीणों को घर देने, आवास विभाग के वाह्य विकास शुल्क प्रणाली में सुधार के लिए 'उप्र नगर योजना और विकास (विकास शुल्क) उद्ग्रहण, संग्रहण नियमावली,2026' और उप्र शहरी पुर्नविकास नीति, 2026 को भी मंजूरी दी जा सकती है। बता दें कि कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते साल के पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी। विभाग की ओर से इस योजना को आयुष्मान योजना की तरह लागू करने की तैयारी है। यह सुविधा पूरी तरह कैशलेश है।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी में 5.5 साल कैद की सजा

**नई दिल्ली।** एनआइए की विशेष अदालत ने एक प्रमुख आरोपित को सिम कार्डों और इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों के दुरुपयोग के पाकिस्तान-प्रेरित जासूसी साजिश मामले में पांच साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है। एनआइए के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपित अल्ताफहुसैन घांचीभाई उर्फ शकील को परीक्षण के दौरान दोषी ठहराया, जिसमें अभियोजन पक्ष द्वारा 37 गवाहों की जांच की गई थी।

## ईयू से मदर ऑफ आल डील्स में भारत मार ले गया बाजी, ट्रंप प्रशासन की आई पहली प्रतिक्रिया

**न्यूयॉर्क।**



अमेरिका ने कहा है कि यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते में भारत बाजी मार ले गया है। ईयू के साथ व्यापार समझौते पर ट्रंप प्रशासन की पहली प्रतिक्रिया में व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत इसमें आगे रहा और इस समझौते से भारत को ज्यादा लाभ होगा। ग्रीर भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए व्यापार समझौते के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिसे मदर आफ आल डील्स कहा जा रहा है। ग्रीर ने मंगलवार को "फॉक्स बिजनेस" को दिए साक्षात्कार में कहा-मैंने अब तक इस सौदे के कुछ विवरण देखे हैं। सच कहूं तो मुझे लगता है कि इसमें भारत को सबसे ज्यादा फायदा होगा। उसकी यूरोपीय बाजार में पहुंच बढ़ेगी। ऐसा लगता है कि भारत को कुछ अतिरिक्त आव्रजन अधिकार मिले हैं।

## भारत और दक्षिण एशिया की एयरलाइंस को 2044 तक 3300 नए विमानों की जरूरत, बोइंग ने कहा- तेजी से बढ़ रही मांग

**हैदराबाद।**



अमेरिकी विमान निमार्ता बोइंग ने बुधवार को कहा कि भारत और दक्षिण एशिया में हवाई यातायात की बढ़ती मांग के चलते 2044 तक एयरलाइंस को लगभग 3,300 नए विमानों की आवश्यकता होगी।

अनुमानित डिलीवरी में लगभग 90 प्रतिशत यानी 2,875 सिंगल-आइल जेट या नैरो-बॉडी विमान होंगे, जबकि वाइड-बाडी विमानों की संख्या 395 होगी। दक्षिण एशिया के लिए अपने कमर्शियल मार्केट आउटलुक (सीएमओ) में बोइंग ने यह भी कहा कि अगले दो दशकों में इस क्षेत्र की एयरलाइंस को लगभग 45,000 पायलट, 45,000 तकनीशियन और 51,000 केबिन क्रू की आवश्यकता होगी।

बोइंग के यूरेशिया और भारतीय उपमहाद्वीप के कमर्शियल मार्केटिंग के प्रबंध निदेशक अश्विन नायडू ने हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत एक विकासशील बाजार है और देश में विमानों की संख्या में और वृद्धि होगी। उनके अनुसार, भारत सबसे तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है, जहां अगले 20 वर्षों में विमानों का बेड़ा चार गुना हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं, जिससे भारत विमानन घटकों और उत्पादों का वैश्विक निर्यातक बन सकेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री ने बेगमपेट हवाई अड्डे पर कहा, "भारत विमानन क्षेत्र में भी एक वैश्विक विश्वसनीय भागीदार बन गया है। विमानन देश का एक मजबूत क्षेत्र बनने जा रहा है।"

## संपादक की कलम से

# ट्रंप के चापलूसों का बोर्ड

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस बोर्ड ऑफ पीस (शांति बोर्ड) की स्थापना का प्रयास किया है, उसमें अभी तक वे 19 देश शामिल हुए हैं, जो अमरीका की चापलूसी करने को बाध्य हैं। अलग-अलग कारणों से अमरीका के मोहताज हैं। अमरीका ही उन्हें सुरक्षा की गारंटी देता है और वह ही आर्थिक मदद करता है। उन 19 में से 12 देश इस्लामिक हैं। उनमें पाकिस्तान ने भी शांति बोर्ड की सदस्यता के लिए दस्तखत किए हैं।


ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जब प्रारूप पर दस्तखत किए, तो सीडीएफ आसिम मुनीर भी सामने बैठे थे। अब इस फैसले के खिलाफ पाकिस्तान में जेहाद के नारे बुलंद किए जा रहे हैं। इसके कुछ खास कारण हैं। पाकिस्तान अभी तक इजरायल को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता। वह फिलिस्तीन का समर्थक रहा है, लेकिन अब पाकिस्तान के 4000 फौजियों को गाजा क्षेत्र में इजरायल सेना के नेतृत्व में काम करना पड़ेगा। ट्रिगर इजरायल के हाथ में होगा और लड ?-मरने वाले मुस्लिम फौजी होंगे। पाकिस्तान के मुस्लिम फौजियों को फिलिस्तीन, गाजा, हमास के मुसलमानों पर ही गोली चलानी पड़ेगी। जाहिर है कि मुसलमान ही मुसलमान का कत्ल करेगा! अहम और बुनियादी कारण यह है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद को विश्वास में क्यों नहीं लिया? संसद की इजाजत के बिना इतना अहम फैसला कैसे ले लिया गया कि पाकिस्तान के 4000 फौजी गाजा में सक्रिय रहेंगे। उन्हें जो 1000 डॉलर प्रति का मेहनताना मिलेगा, वह 40 लाख डॉलर की राशि सीडीएफ आसिम मुनीर हासिल करेगा। फौजियों को जो देना होगा, वह हुकूमत तय करेगी। फौजी की मौत के बाद पर्याप्त मुआवजा और सम्मान राशि कितनी होगी और कौन देगा, यह अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उस पर भी मुनीर की डकैत निगाहें होंगी! पाकिस्तान में कट्टरपंथी जमात इसे इस्लाम-विरोधी और अल्लाह-विरोधी फैसला करार दे रही है। खासकर सीडीएफ मुनीर के खिलाफ फतवे जारी किए जा रहे हैं। अवाम का मानना है कि शहबाज-मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रंप के सामने दंडवत आत्मसमर्पण कर दिया है, क्योंकि पाकिस्तान को पैसा चाहिए। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे मुस्लिम देशों ने पाकिस्तान को कर्ज देने से इंकार कर दिया है। चीन अपने उधार दिए गए कर्ज को वापस मांग रहा है। यदि आईएमएफ और विश्व बैंक से आर्थिक पैकेज की अपेक्षा करनी है, तो अमरीका ही एकमात्र सहारा है। राष्ट्रपति ट्रंप के इशारे पर ही पाकिस्तान को नया कर्ज मिल सकता है। पाकिस्तान पर फिलहाल 130 अरब डॉलर के करीब का कर्ज है। पाकिस्तान के हरेक नागरिक पर औसतन 3,63,831 पाक रुपए का कर्ज है। करीब 60 फीसदी अवाम गरीबी-रेखा के नीचे जीने को विवश है। भारत से करीब 25 गुना अधिक महंगाई पाकिस्तान में है। अवाम में जेहाद के नारों के साथ मुनीर की वर्दी उतारने के नारे भी गूंज रहे हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान सरीखा संगठन भडक उठा है और आत्मघाती हमलों की धमकियां दे रहा है। फिलहाल शांति बोर्ड की सदस्यता निशुल्क है, लेकिन स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर की फीस अदा करनी होगी। भारत की मौजूदा मौद्रिक स्थिति के मुताबिक, यह राशि 9100 करोड़ रुपए से अधिक बनती है। पाकिस्तान को अधिक राशि का भुगतान करना पड़ेगा। घर में नहीं दाने, अम्मा चली भुनानेङ्घभूखा-नंगा पाकिस्तान इतनी रकम कैसे दे पाएगा? यानी सब कुछ अस्थायी है अभी। यदि विश्व-व्यवस्था के संदर्भ में इस शांति बोर्ड का विश्लेषण करें

## कविता

### जीत होगी तेरी दमदार

मोनिका डागा



सत्य के पथ पर हो अग्रसर,
बढ़े जा तू कर्मों के रथ पर,
अपने सपनों को दे विस्तार,
हौसलों की बुलंद उड़ान भर ।

निराशा को पूर्णतः नकार कर,
आत्मविश्वास का कर संचार,
परिश्रम की तीव्र हुंकार भर,
लक्ष्य विजय श्री साकार कर ।

ईश्वर को कर प्रतिदिन नमस्कार,
रोम-रोम में रआनंदर प्रवाह कर,
साथ लेकर चल अपना परिवार,
खुद में खुशियों का उत्साह भर ।

अपनी प्रतिभा पर कर विचार,
तुझमें बसा अनुपम कलाकार,
कदमों को दे दिशा संग रफ्तार,
तू है सक्षम सुंदर सृजनकार ।

मीठी वाणी प्रेम की रसधार,
गुणवान को पूजता है संसार,
ज्ञान कौशल को बना आधार,
फिर जीत होगी तेरी दमदार ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अजित पवार: आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के दादा-पुरुष

यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है। अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक



पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी।

1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दशार्ता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए छोड़ दी। यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं, बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका। अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे। उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके


ललित गर्ग

ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। अगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें? जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए। शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चचाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला दादा का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था। वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले दादा के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है। अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निमार्ता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे राजनीतिक सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ एवं साहसिक व्यक्तित्व थे। बेशक अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने जुझारु राजनीति जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रवादी सोच के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे। आज जब महाराष्ट्र और देश उनके निधन पर शोकाकुल है, तब अजित पवार का मूल्यांकन केवल प्रशंसा या आलोचना के तराजू पर नहीं किया जा सकता। वे विवादों से घिरे रहे, लेकिन उनसे परिभाषित नहीं हुए। उनकी राजनीति कठोर थी, लेकिन उसमें अनुभव की गहराई थी। वे लोकप्रियता से अधिक प्रभाव में विश्वास रखते थे। शायद यही कारण है कि उनके जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसा सन्नाटा है, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है। अजित पवार का जीवन यह सिखाता है कि राजनीति केवल भाषणों और नारों से नहीं चलती, बल्कि निर्णय, जोखिम और जिम्मेदारी से चलती है। उनका जाना एक चेतावनी भी है और एक स्मृति भी, क्योंकि सत्ता क्षणभंगुर है, लेकिन अनुभव और प्रभाव लंबे समय तक याद किए जाते हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में दादा के नाम से पहचाना जाने वाला यह व्यक्तित्व अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है, लेकिन उसकी छाया आने वाले वर्षों तक राज्य की राजनीति पर बनी रहेगी।

# शिमला-मनाली की भीड़ से परेशान? चंडीगढ़ के पास इन 3 खूबसूरत हिल स्टेशनों पर मनाएं सुकून भरी छुट्टियां

चंडीगढ़ के पास भीड़भाड़ से दूर, सुकून भरी छुट्टियां बिताने के लिए शोजा, कनाताल और पंगोट जैसे तीन बेहतरीन हिल स्टेशनों का विकल्प मौजूद है, जहां आपको शिमला-मनाली जैसी भीड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। ये जगहें प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और कम पर्यटक आगमन के कारण प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श हैं। पहाड़ों पर घूमने के शौकीन अक्सर छुट्टियां मिलते ही पहाडियों पर ट्रिप का आनंद जरुर लेते हैं। हालांकि, इस दौरान सोशल मीडिया पर पहाड़ों के ट्रैफिक वाले वीडियो वारयल हो रही है। बर्फ से ढकी सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें, तो कई टूरिस्ट जगहों पर एक साथ खड़े लोगों की भीड़। अगर आप भी घूमने के लिए सर्च कर रहे हैं सही लोकेशन, जहां सुकून मिले और छुट्टियों का मजा भी खराब न हो। तो इस लेख में हम आपको बताएंगे बर्फ देखने के शौकीन लोग इन जगहों पर जरुर घूमने जाएं। हम आपको चंडीगढ़ के पास घूमने के लिए कुछ बेहतरीन जगहें बताएंगे, जहां आप घूमने जा सकते हैं।

**शोजा, हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल प्रदेश में शोजा नाम की एक सुंदर जगह स्थित है, जहां पर लोग कम जाते हैं। कुछ लोग इस जगह के बारे में नहीं जानते हैं। जब मनाली, शिमला और मसूरी जैसे हिल स्टेशनों पर भीड़ होती है, तो कुछ यात्री शोजा में सुकून पल बिताते हैं। आपको बता दें कि, यह एक छोटा सा पहाड़ी गांव है, जो तीर्थन वैली के पास है। यहां पर न तो बड़े-बड़े होटल हैं और न ही पार्टी कल्चर। चारों तरफ देवदार और चीड़ के घने जंगल,



छोटे-छोटे लकड़ी के घर। यहां पर प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है।

**कनाताल (उत्तराखंड)**

न्यू अनुभव के लिए आप उत्तराखंड के कनाताल घूमने जरुर जाएं। यहां पर भीड़ बहुत कम होती है। यह जगह मसूरी से ज्यादा दूर नहीं होती है। यहां पर आपको खुली सड़कें, साफ हवा और शांत माहौल का अनुभव होगा। यह जगह समुद्र तल से करीब 8,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। कनाताल में पार्टी टूरिज्म जैसे लोकेशन नहीं मिलते, इसलिए ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ नहीं होती है।

**पंगोट (उत्तराखंड)**

चंडीगढ़ से बेहद नजदीक है यह जगह। पंगोट नैनीताल के पास है। नैनीताल से बाहर 15 किमी दूर होने की वजह यहां आपको भीड़ कम देखने को मिलेगी। नैनीताल से 15 किलोमीटर दूरी पर पंगोट एक छोटा सा पहाड़ी गांव है। नए साल के समय नैनीताल में होटल फुल हो जाते हैं और सड़कों पर जाम मिलता है, तो यह जगह सुकून और शांति वाली हो जाती है। नेचर लवर्स के लिए यह जगह बेहद शानदार है।

# थाना जहांगीरपुरी के गश्ती स्टाफ द्वारा एक शातिर स्नैचर रंगे हाथों गिरफ्तार

एहसान अंसारी

नई दिल्ली: उतर पश्चिम जिला थाना जहांगीरपुरी में एक मामला सुलझा लिया गया।आसानी से पैसे कमाने के लिए अपराध करना शुरू किया। एक शातिर स्नैचर शेख सलीम भांडे पुत्र शेख इकबाल निवासी जी-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली, उम्र 25 वर्ष की गिरफ्तारी के साथ, थाना जहांगीरपुरी के स्टाफ द्वारा शिकायतकर्ता का छीना हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपी शेख सलीम @ भांडे एक आदतन एवं सक्रिय अपराधी है, जो पूर्व में 03 आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। अपराध पर अंकुश लगाने एवं जन-सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु



थाना जहांगीरपुरी के मुख्य आरक्षी जितेंद्र एवं कांस्टेबल पवन को क्षेत्र में सघन गश्त हेतु नियुक्त किया गया था। यह गश्त निरीक्षक नेत राम मीणा (कानून एवं व्यवस्था)/थाना जहांगीरपुरी के नेतृत्व में तथा निरीक्षक सतविंदर सिंह, थाना प्रभारी/जहांगीरपुरी एवं श्री योगेन्द्र खोखर, सहायक पुलिस आयुक्त/जहांगीरपुरी के समग्र पर्यवेक्षण में की जा रही थी। दिनांक 26.01.26 को मछली मंडी ग्राउंड, शाह आलम बांध रोड, जहांगीरपुरी, दिल्ली के पास गश्त के दौरान उन्होंने एक व्यक्ति को पैदल भागने का प्रयास करते हुए देखा, जबकि एक अन्य व्यक्ति मदद के लिए चिल्लाता हुआ दिखाई दिया। सतर्कता एवं साहस का परिचय देते हुए गश्ती स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई की और थोड़ी दौड़-भाग के बाद उसे सफलतापूर्वक काबू कर लिया। उसकी तलाशी लेने पर शिकायतकर्ता का छीना हुआ मोबाइल फोन उसके कब्जे से बरामद हुआ। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने मित्र अनुप के साथ मछली मंडी ग्राउंड, शाह आलम बांध रोड, जहांगीरपुरी, दिल्ली के पास मौजूद था, तभी एक अज्ञात लड़का अचानक उसके पास आया, उसके हाथ से रियलमी मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से भागने का प्रयास किया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान शेख सलीम @ भांडे पुत्र शेख इकबाल निवासी जी-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली, उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई। इस संबंध में थाना जहांगीरपुरी में एफआईआर संख्या 79/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया तथा जांच प्रारंभ की गई। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह झपटमारी करने के लिए आसान शिकार की तलाश में क्षेत्र में घूम रहा था। सत्यापन पर आरोपी शेख सलीम @ भांडे एक आदतन एवं सक्रिय अपराधी पाया गया, जो पूर्व में 03 आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।

# भारी बारिश के बीच भागवत गीता का हर्षोल्लास से हुआ शुभारंभ



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

\ भारी बारिश के बीच प्रहलाद नगर गीता भवन मंदिर के सामने गली से भागवत कथा को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे वृन्दावन से आये कथा वाचक अतुल कृष्ण महाराज के नेतृत्व मे शोभायात्रा को प्रारम्भ किया गया जिस समय शोभा यात्रा आरंभ हुई तभी भारी बारिश भी शुरू हो गई लेकिन श्रद्धालुओं की भक्ति में बारिश का कोई असर दिखाई नहीं दिया यात्रा सुशील भोला, मीनू भोला के निवास स्थान से चली जो प्रहलाद नगर की गलियों मे भ्रमण करते हुए गीता भवन मंदिर पर समाप्त हुई यात्रा का प्रहलाद नगर क्षेत्र मे जगह जगह फूलों से स्वागत किया गया इस शोभायात्रा में मुख्य रूप से रवि भोला, अविनाश भोला, कन्हैया भोला, गोविन्द भोला, वंदना भोला, ममता भोला, पवन भोला, पूरन लाल भगत और प्रहलाद नगर के स्थानीय निवासियों ने उपस्थिति दर्ज कराई

# 35 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। बुधवार को दुधारा थाना क्षेत्र के अशरफपुर केवटहिया निवासी एक 35 वर्षीय युवक ने आम के पेड़ पर फसरी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक के बड़े भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना दुधारा क्षेत्र के अशरफपुर केवटहिया निवासी राम प्रसाद पुत्र गब्बू ने मुकामी पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि मृतक मेरा छोटा भाई है पूर्व में मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और अक्सर बिना बताए घर से कहीं भी चले जाते थे। बीती रात्रि रामबली बिना बताए घर से कहीं चले गए थे। आज सुबह लगभग 05:00 बजे, उनका शव गांव के ही राम निवास के घर के सामने एक आम के पेड़ से लटका हुआ पाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर अप्राकृतिक मृत्यु की सूचना दर्ज कर ली गई है। मामले की जाँच, पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया हेतु उ0नि0 प्रदीप सिंह, उ0नि0 राम सूरत प्रसाद, हे0का0 उदय भान यादव को आवश्यक दस्तावेजों (शव किट बैग व रपट) के साथ तत्काल मौके पर रवाना किया गया है,पुलिस प्रशासन द्वारा शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सात समंदर पार दुबई में गूंजा देवभूमि का स्वाद, -दुबई में आयोजित हुआ


वेलकम इंडिया

**बागेश्वर** की उत्तरायणी को दुबई में प्रवासी ने दुबई कौतिक का आयोजन कर सराहा बागेश्वर।सात समंदर पार खाड़ी देश दुबई में देवभूमि उत्तराखंड दुबई कौतिक सीजनझ1 की टीम द्वारा नववर्ष 2026 के अवसर पर उत्तराखंड फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया।इस आयोजन में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों ने प्रवासी उत्तराखंडियों को अपनी मिट्टी और संस्कृति की याद दिला दी।फूड फेस्टिवल में काले भट्ट की चुड़कानी, गहत की दाल, गडेरी वाली पहाड़ी झोली, कड़ी पत्ते की झोली, पहाड़ी रायता, अल्मोड़ा की बाल मिठाई, तिल के लड्डू, बुरांश का जूस सहित अनेक पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन परोसे गए। जिनका प्रवासी भारतीयों सहित मेहमान विदेशियों ने भी भरपूर आनंद



लिया। उत्तराखंड के स्वाद ने दुबई में बसे लोगों को एक बार फिर अपने गांव-घर से जोड़ दिया।दुबई कौतिक के आयोजक बसंत तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया। सात समंदर पार दुबई में गूंजा देवभूमि का स्वाद, भव्य रूप से हुआ उत्तराखंड फूड फेस्टिवल 2026 का आयोजन किया गया।फूड फेस्टिवल में भट्ट की चुड़कानी, गहत की दाल, गडेरी वाली पहाड़ी झोली, पहाड़ी रायता, अल्मोड़ा की बाल मिठाई, तिल के लड्डू, बुरांश का जूस सहित अनेक पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन परोसे गए, जिनका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। उत्तराखंड के स्वाद ने दुबई में बसे लोगों को एक बार फिर अपने गांव-घर से जोड़ दिया।दुबई कौतिक के आयोजक बसंत तिवारी जी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।उन्होंने बताया कि इस आयोजन में करीब 300 उत्तराखंडी लोगों ने सहभागिता की। भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में दुबई कौतिक टीम के आयोजक एवं कमेटी सदस्यों नवीन जोशी , जीवन भट्ट , पूरन नगरकोटी , गोविंद फर्त्याल , शंकर शाह , कुशाल बिष्ट , भूपेंद्र हुलेरिया , कमला नोटियाल , तेजबीर राणा , मुकेश थापा और महाराज सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कैरियर काउंसिलिंग विषय आधारित कार्यक्रम 30 जनवरी को एम एन में




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। विकास खण्ड सेमरियावा के एम एन पब्लिक स्कूल सोनोरा गौसी के प्रांगण में कैरियर काउंसिलिंग विषय आधारित कार्यक्रम 30 जनवरी को सुबह 11 बजे आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी डायरेक्टर शोऐब अहमद नदवी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुहैल अहमद (एक्स कार्डियोलॉजिस्ट पूर्व आल इंडिया मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली) की गौरवमय उपस्थित रहेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से 10+ स्टूडेंट्स को मेडिकल तथा पैरामेडिकल के क्षेत्र में मार्गदर्शन देकर नवीन अवसर प्रदान कराना है। विदित हो कि इस शुभ अवसर पर योग्य छात्रों को स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से छात्रवृति देने की भी महती योजना बनाई गई है।

# प्रिंसिपल मुजिबुल्लाह और शिक्षक जफीर करखी किए गए सम्मानित



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। उप्र उर्दू अकैडमी और आवाज चेरिटेबल ट्रस्ट ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में गणतंत्र दिवस के अवसर सेहुंडा में आयोजित मुशायरा में शिक्षा और समाज सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु प्रिंसिपल मुजिबुल्लाह नेशनल इंटर कालेज मूंडाडीहा बैग और सीनियर शिक्षक जफीर अली करखी जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ को ट्रस्ट के संरक्षक अफजाल अहमद प्रधान और जरगामुद्दीन अध्यक्ष ने अवॉर्ड ,प्रशस्तिपत्र एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। मो अहमद,शमशेर अहमद मैनेजर,फैजान अहमद, एजाज अहमद करखी ,अनवार आलम चौधरी,एजाज मुनीर, फुजेल अहमद नदवी,मो मोकर्रम ,वसीम अहमद,रजी अहमद,अब्दुल अजीम,मुनव्वर खान,मसरूर खान,उबैद खान,मो परवेज अख्तर,अरशद चौधरी,गुफरान नदवी मुबारक हुसैन,मो आजम,अब्दुर्रहीम, जेडी अंसारी आदि क्षेत्रवासियों ने मुबारकबाद पेश किया है।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर अफउ पीजी व पैरामेडिकल कॉलेज के एमडी शमशेर अहमद ने दी जनपदवासियों को शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। जिले के तप्पा उजियार सेमरियावां क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे अफउ पीजी व पैरामेडिकल कॉलेज के प्रबंध निदेशक (एमडी) शमशेर अहमद ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता की याद दिलाता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर देश व समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे, सद्भाव और कानून के सम्मान के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।शमशेर अहमद ने कहा कि शिक्षित समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव होता है और अफउ पीजी व पैरामेडिकल कॉलेज भविष्य में भी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। 77वें गणतंत्र दिवस पर अफउ पीजी व पैरामेडिकल कॉलेज के एमडी शमशेर अहमद ने दी जनपदवासियों को शुभकामनाएं शिक्षा की अलख जगाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे शमशेर अहमद ने संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को अपनाने का किया संतकबीरनगर। जिले के तप्पा उजियार सेमरियावां क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे अफउ पीजी व पैरामेडिकल कॉलेज के प्रबंध निदेशक (एमडी) शमशेर



अहमद ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता की याद दिलाता है।

# उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) ,लोकतंत्र के प्रहरी , पत्रकारों की सशक्त आवाज

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

लोकतंत्र की आत्मा स्वतंत्र और निर्भीक पत्रकारिता में बसती है। जब तक प्रेस स्वतंत्र है, तब तक सत्ता जवाबदेह है और समाज सच से जुड़ा रहता है। पत्रकार केवल समाचारों के संवाहक नहीं होते, वे सत्ता और जनता के बीच वह सेतु हैं, जो सच को सामने लाता है और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाता है।ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना केवल किसी संगठन की नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की जिम्मेदारी है। इसी दायित्वबोध के साथ उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) राज्य में पत्रकारों के हितों के लिए एक सशक्त और प्रतिबद्ध मंच के रूप में कार्य कर रहा है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल, संवेदनशील और सामाजिक-राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य में पत्रकारिता करना आसान नहीं है। कम मानदेय, असुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ,



प्रशासनिक दबाव, उत्पीड़न और कई बार जानलेवा हमले—ये आज पत्रकारों की दैनिक चुनौतियाँ बन चुकी हैं। ऐसे समय में उपज ने पत्रकारों के लिए एक मजबूत ढाल की भूमिका निभाई है। यह संगठन न केवल समस्याओं को उजागर करता है, बल्कि उनके समाधान के लिए संगठित और निरंतर संघर्ष भी करता है। पत्रकारों की सुरक्षा उपज के एजेंडे का केंद्र बिंदु है। संगठन राज्य में पत्रकार सुरक्षा बिल को लागू कराने के लिए सरकार पर लगातार दबाव बना रहा है। उपज का स्पष्ट और दो-टूक मत है कि बिना कानूनी संरक्षण के निर्भीक पत्रकारिता संभव नहीं है। यदि पत्रकार भय के माहौल में काम करेंगे, तो सच दबेगा और लोकतंत्र कमजोर होगा। इसलिए पत्रकारों को सुरक्षा देना किसी वर्ग विशेष का नहीं, बल्कि समाज और लोकतंत्र के हित का प्रश्न है। उपज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता और एकजुटता है। संगठन ने प्रदेश भर के पत्रकारों को एक साझा मंच पर जोड़ने का कार्य किया है, जहाँ उनकी आवाज सुनी जाती है और उनके अधिकारों के लिए सामूहिक संघर्ष किया जाता है। यही कारण है कि आज उपज प्रदेश के सबसे प्रभावशाली और भरोसेमंद पत्रकार संगठनों में गिना जाता है। व्यावसायिक स्वतंत्रता पत्रकारिता की रीढ़ है। उपज पत्रकारों को बिना किसी भय, दबाव या लालच के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करता है। संगठन उन्हें नैतिक, वैचारिक और संगठनात्मक समर्थन प्रदान करता है और यह संदेश देता है कि सत्ता से सवाल पूछना अपराध नहीं, बल्कि पत्रकार का संवैधानिक कर्तव्य है।

# डीएम द्वारा कबीर मगहर महोत्सव-2026 का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया भव्य शुभारम्भ

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। जनपद में महान सूफी संत, कवि एवं समाज सुधारक संत कबीर दास जी की परिनिर्वाण स्थली कबीर चौरा मगहर में 28 जनवरी 2026 से 02 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले 06 दिवसीय *कबीर मगहर महोत्सव-2026* का शुभारम्भ जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सदगुरू कबीर साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संत कबीर साहेब के समाधि एवं मजार पर पूजा अर्चना करने के पश्चात फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित करते हुए किया।कबीर



मगहर महोत्सव के उद्घाटन के पश्चात अधिकारियों ने मा0 अतिथिगणों को पुष्प गुच्छ व कबीर साहेब की प्रतिमा का मोमेंटो भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती बन्दना के साथ महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर कबीर चौरा के महन्त हरिशरण दास जी, नगर पंचायत मगहर अध्यक्ष प्रतिनिधि नुरूज्जमा अंसारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कबीर मगहर महोत्सव के सुव्यवस्थित एंव गरिमामयी शुरूआत पर आयोजकगणों, प्रशासन व मीडिया बंधुओं को धन्यवाद व आभार ज्ञापित करते हुए जीवन को उत्साह पूर्ण एवं खुशहाल बनाने में कबीर साहब की सोच एवं कृतियों को रेखाकिंत किया तथा सकुशल संचालन हेतु सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। जिलाधिकारी ने संत कबीर दास जी की महापरिनिर्वाण स्थली पर दर्शन पूजन कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हुए कहा कि मगहर सदैव आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र रहा है, यहां लोग आध्यात्म का ज्ञान प्राप्त करते हैं। उन्होंने संत कबीर दास जी के जीवन दर्शन से हर व्यक्ति को सीख लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन के दृष्टिकोण से भी मगहर का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों व दर्शकगणों से पूरे महोत्सव का भरपूर आनंद लेने और महोत्सव के सफल, सुरक्षित व गरिमामयी आयोजन में सहयोग की अपील किया। पुलिस अधीक्षक ने कबीर मगहर महोत्सव के भव्य एवं सुरक्षित संचालन पर आयोजकगणों को शुभकामनाएं व धन्यवाद देते हुए कहा कि कबीर महापरिनिर्वाण स्थली पर पिछले 37 वर्षो से प्रतिवर्ष कबीर मगहर महोत्सव का आयोजन यहां के क्षेत्रवासियों एवं हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास जी धार्मिक सद्भाव व एकता के समर्थक व धार्मिक कुरीतियों के प्रबल विरोधी थे और जीवन के अंतिम चरण में काशी से मगहर आना भी एक अंधविश्वास को दूर करने से ही जुड़ा था। उन्होंने कहा कि मगहर में संत कबीर दास जी की मजार और समाधि दोनों से इस बात की प्रेरणा मिलती है की हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग उनके जीवन दर्शन एवं आदर्शो से हमेशा प्रेरित रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने पूरे महोत्सव के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था व चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन दिया और सभी को अपने पूरे परिवार के साथ महोत्सव का आनंद लेने हेतु प्रेरित किया। कबीर मगहर महोत्सव में जनपद के विभिन्न विभागों जैसे- बेसिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग, महिला कल्याण, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्योग विभाग, बाल विकास पुष्टाहार सहित अन्य विभागों द्वारा अपने योजनाओं एवं उत्पादों आदि के प्रचार-प्रसार करने एवं आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य प्रदर्शनी लगाया गया है।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व समाजसेवी, 92 वर्षीय रमेश चंद्र गर्ग की आत्मकथा " मेरा सफर, मेरा सुकून" के 2 खंडों का हुआ

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**मथुरा।** 30 बसंतर मार्ग (मथुरा कैंट) पर सैनानी परिवार संगठन के तत्वावधान में प्रख्यात कांग्रेसी नेता, समाजसेवी व 92 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र गर्ग की आत्मकथा ₹ मेरा सफर, मेरा सुकून₹ के 2 खंडों का लोकार्पण अत्यंत धूमधाम व गर्म जोशी के साथ सम्पन्न हुआ।लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता प्रमुख कांग्रेसी नेता व सैनानी परिवार संगठन के अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी ने की।ग्रन्थ के सम्पादक डॉ. भागवत कृष्ण नांगिया (हरिनाम प्रेस, वृन्दावन) ने आत्मकथा के लेखक रमेश चंद्र गर्ग (बाबूजी) की जीवन यात्रा व ग्रन्थ के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। ग्रन्थ द्वय का लोकार्पण समारोह के अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी, मुख्य अतिथि रवीन्द्र मुकद्दम, विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ पंडा, पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया, प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, दिनेश पाठक एवं प्रमुख कांग्रेसी नेता महेश पाठक आदि ने किया। समारोह के अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी व मुख्य अतिथि रवीन्द्र मुकद्दम ने कहा कि रमेश चंद्र गर्ग सहजता,सरलता व परोपकारिता आदि की प्रतिमूर्ति हैं।समाजसेवा के क्षेत्र में उनके एक नहीं अपितु अनेकों कीर्तिमान हैं। पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया व प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि रमेश चंद्र गर्ग गांधी वादी विचारधारा के हैं।फिर भी उनके अन्य विचारधारा व विभिन्न सोचों के व्यक्तियों से भी निकट के सम्बन्ध हैं।जो कि उनकी एक प्रमुख विशेषता है।उनका प्रारंभ से ही एक ईश्वर, एक धर्म व एक जाति में विश्वास है। पूर्व विधायक प्रदीप माथुर व प्रमुख कांग्रेसी नेता महेश पाठक ने कहा कि रमेश चंद्र गर्ग अपनी 92 वर्ष की आयु में भी युवाओं जैसे उत्साह के साथ अपने कार्यों को युद्ध स्तर पर करने के लिए सदैव लालायित रहते हैं।वस्तुतः वे एक ऐसे महापुरुष हैं,जैसे कि आज कल प्रायः नहीं मिलते।हमारा विश्वास है कि उनकी आत्म कथा ₹मेरा सफर, मेरा सुकून₹को पढ़ने से असंख्य व्यक्तियों को प्रेरणा व ऊर्जा प्राप्त होगी। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत चतुर्वेदी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर उपाध्याय, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोहन सिंह सिसोदिया, नरेन्द्र सिंह, रवि सरीन, तुलसी स्वामी, दिनेश पाठक, वरिष्ठ पत्रकार मुरारी लाल अग्रवाल, सीए अभिषेक गर्ग, एडवोकेट पारस गर्ग, जगवीर सिंह, मास्टर प्रताप, डॉ. राधाकांत शर्मा, सुरेन्द्र चतुर्वेदी (एमपी निवास, वृन्दावन), मोहन सिंह चौधरी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गोवर्धन में यूजीसी नियमों के विरोध में जोरदार

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** यूजीसी से जुड़े नए प्रावधानों के विरोध में सवर्ण समाज के लोगों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से नियमों पर पुनर्विचार करते हुए आवश्यक संशोधन किए जाने की मांग की। बुधवार को रैली की शुरूआत गोवर्धन बस स्टैंड से हुई, जो कस्बा के प्रमुख मार्गों से होती हुई चंद्रा गार्डन स्थित विराट हिंदू सम्मेलन स्थल तक पहुंची। इस दौरान विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि यूजीसी के नए प्रावधान समाज के एक वर्ग के हितों के प्रतिकूल हैं, जिससे व्यापक असंतोष की स्थिति बनी हुई है। रैली में भाजपा से जुड़े रामधन शर्मा, बांके पांडेय, विश्व हिंदू परिषद के विजय राघव, गौ रक्षक धीरज कौशिक, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा श्रीराजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष डॉ. सीताराम, करणी सेना जिलाध्यक्ष कान्हा ठाकुर, माधव सिंह, दिनेश कौशिक, अनुभव कटारा, सूरज ठाकुर, सौरभ लंबरदार, सीताराम पंडित (वृंदावन), मोहित शर्मा, रामधन शर्मा, रामदास ठाकुर, राधारमन ठाकुर, करन ठाकुर, नीटू ठाकुर,डेविड कौशिक,सुभाष ठाकुर, मोहित शर्मा, राहुल मुखिया, मनमोहन ठाकुर, कुलदीप अग्रवाल, संजय भाटी, आदि ने सहभागिता की।

# दौड़ प्रतियोगिता में सुमित अब्बल



वेलकम इंडिया

**छतारी :** छतारी थाना क्षेत्र के बदरखा सीरवास में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया है। आयोजित दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ पहासू रोड़ पर स्थित दौड़ ट्रैक पर अनिल चौधरी ने युवाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ प्रतियोगिता में सालाबाद, रुंसी, बिकूपुर रामनगर, बदरखा सीरवास, कुंवरपुर, अजीजाबाद, नागल हरिसिंह, बरौला, पीतमपुर, भैयापुर सहित एक दर्जन से अधिक गांव के युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम सुमित चौधरी नगला हरिसिंह, द्वितीय महिपाल रुसी, तृतीय गौरव चौहान कुंवरपुर, चतुर्थ मनोज उर्फ गोविंदा सहित मनु ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। आयोजक द्वारा प्रथम से दसवें स्थान तक के युवाओं को पुरुस्कार के साथ साथ मेडल भी दिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता के आयोजन अनिल चौधरी ने कहा कि युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल को जरूरी है इसलिए युवा को खेलकूद की प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर ऐसा लेना चाहिए। इस मौके पर देवेंद्र फौजी, पारस कुमार, राजा चौधरी, लोकेश कुमार, शेरु राघव, प्रवीण चौहान, भानु, रोहित, रूबी चौधरी, जसवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# गोवर्धन में गूंजा सांस्कृतिक एकता का संदेश, विराट हिंदू सम्मेलन में समाज जागरण का आह्वान

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** धार्मिक नगरी गोवर्धन में बुधवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक एकजुटता और पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण का प्रभावी मंच बनकर उभरा। सम्मेलन में वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने, अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने और जागरूक नागरिक समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी रही सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुवेर्दाचार्य डॉ. तन्मय गोस्वामी, संघ के जिला प्रचारक कुश चाहर, भजन गायक विचित्र, सम्मेलन संयोजक व "अपना घर" के सचिव केशव मुखिया, डॉ. भावना गोस्वामी तथा श्याम सुंदर उपाध्याय ने दीप प्रज्वलन कर किया। मंच संचालन त्रिलोकी नाथ शर्मा ने किया। सम्मेलन संयोजक केशव मुखिया ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठित, जागरूक और संस्कारित बनाने की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। उन्होंने सामाजिक समरसता को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। मुख्य अतिथि डॉ. तन्मय गोस्वामी ने भारतीय संस्कृति को विश्व के लिए जीवन मूल्यों, सहिष्णुता और संतुलित जीवनशैली का मार्गदर्शक बताते हुए लोगों से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का आह्वान किया। वक्ता श्याम कौशिक ने धर्म और इतिहास से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख करते हुए गुरु गोविंद सिंह एवं गुरु तेग बहादुर के त्याग और साहस को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। अन्य वक्ताओं ने भी सांस्कृतिक संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज की आवश्यकता पर जोर दिया।सम्मेलन के दौरान श्रोताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में श्याम सुंदर उपाध्याय, ज्ञानेंद्र राणा, संजीव लालाजी, लछमन ठाकुर, अमित प्रताप सिंह, विजेंद्र शर्मा, प्रीतम, अमित, डॉ. अनिल गोस्वामी, राकेश शर्मा, बबलू शर्मा, बालकृष्ण अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, बिहारी चकाचक, सुदीप भट्ट, महादेव शर्मा, ठाकुर फतेह सिंह, विनय उपाध्याय, आकाश खंडेलवाल, डॉ. विष्णु रावत, विकास दादा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्काउट एवं गाइड का पांच दिवसीय शिविर का हुआ समापन।



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** अहार स्थित बीएलए नवयुग पब्लिक हाईस्कूल में स्काउट एवं गाइड का पांच दिवसीय शिविर का समापन हुआ। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। स्काउट गाइड ट्रेनर अरूण कुमार ने शिविर में बच्चों को पिरामिड,रस्सी गतिविधि ,सर्कल एक्टिविटी आदि विभिन्न गतिविधियों के बारे में बच्चों को सिखाया। करीब 80 बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि जगपाल सिंह लोधी ने बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर समापन समारोह में कमेटी अध्यक्ष अनुज गुप्ता, प्रबंधक अरविंद अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार,सरवर सिंह, सोमवीर सिंह समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# ग्राम अकबरपुर में ग्रामीणों को किया गया जागरूक, दिलाई गई शपथ



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** । सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ग्राम अकबरपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यात्रीकर अधिकारी विकास अस्थाना ने ग्राम प्रधान चौधरी तफसीर के साथ मिलकर ग्रामवासियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। अस्थाना ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और कीमती जानें बचाई जा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामवासियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। ग्राम प्रधान चौधरी तफसीर ने भी ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नन्द और साधु संतों से माफी मांगे मोदी योगी-डॉ राजीव शमा

वेलकम इंडियां



**मथुरा/ गोवर्धन।** शहर के सौंख रोड स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर मथुरा जिला कांग्रेस व्यापार और उद्योग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजीव शर्मा जमकर राज्य सरकार पर बरसे।उन्होंने कहा कि प्रयागराज में माघ मेले पर गंगा स्नान को जाते हुए शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरा नन्द जी के साथ शासन और प्रशासन ने जो व्यवहार किया वो निंदनीय है। सभी समाजों को उसकी निंदा करनी चाहिए। शंकराचार्य जी सिर्फ गंगा स्नान ही करना चाह रहे थे और प्रशासन की यह नैतिक जिम्मेदारी चाहिए थी कि उन्हें सम्मान के साथ स्नान करा दिया जाना चाहिए था।लेकिन प्रशासन ने ऐसा कुछ नहीं किया। बल्कि अपनी हठधर्मिता और जिद के चलते न केवल शंकराचार्य जी से दुर्व्यवहार किया बल्कि उनके साथ चल रहे साधु संतों के पर लाठी चार्ज किया और साधु संतों को घसीट घसीट कर हटाया गया। प्रशासन ने जो किया वो तो गलत है। लेकिन सरकार का व्यवहार भी बहुत गलत है। सरकार को इस मामले को शालीनता से निपटना चाहिए था। और शंकराचार्य जी से माफी मांग कर इस मसले को निपटा देना चाहिए था। एक संत को काल नेमी कहना कहा तक उचित है। सरकार और प्रशासन की कार्यवाही बहुत निंदनीय है। यह घटना सरकार और प्रशासन की हठ धार्मिता को दिखाता है। माघ मेला अध्यात्म का मेला है। लोग श्रद्धा से उस मेले में गंगा स्नान करने जाते है। उस मेले में शंकराचार्य तो क्या किसी आम भक्त के साथ भी गलत व्यवहार नहीं होना चाहिए। इस घटना से सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है।

# मथुरा जिला जेल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, कारागार अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने फहराया तिरंगा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिला कारागार में भी गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संकल्प पाठ कराया। जिसे सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं बंदियों ने दोहराया। इस अवसर पर महानिदेशक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा कारागार के सात कार्मिकों को प्रदान किए गए मेडल ध्वजारोहण के बाद जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग द्वारा वितरित किए गये। जेल अधीक्षक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों को याद करते हुए सभी को देशहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बंदियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही कारागार में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बंदियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कार्मिकों एवं बंदियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेलर सुरेंद्र मोहन सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, डॉ. उत्पल सरकार, उप जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह, रवीन्द्र कुमार, हेमराज, लेखाकार चूणामणि तिवारी, फार्मासिस्ट सुभाष चंद्र द्विवेदी, शिक्षा अध्यापक सुरेन्द्र चौधरी, कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

# पंकज कुमार गौतम को बसपा ने बनाया शिकारपुर

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** बहुजन समाज पार्टी के शिकारपुर विधानसभा प्रभारी बने पंकज कुमार गौतम पार्टी समर्थकों में खुशी की लहर शुभकामनाओं का दौर जारी। पार्टी हाई कमान के अनुसार बहुजन समाज पार्टी द्वारा शिकारपुर विधानसभा प्रभारी बीपी सिंह को हटाकर उनके स्थान पर पंकज कुमार गौतम निवासी कुतुबपुर को शिकारपुर विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। यह जानकारी बुलंदशहर बसपा जिलाध्यक्ष रविंद्र प्रधान द्वारा दी गई है। नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी पंकज कुमार गौतम ने कहा है कि जो जिम्मेदारी मुझे पार्टी हाई कमान द्वारा दी गई है उसको मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा घर घर तक बसपा की नीति और रीति का विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जाएगा। जनता को बसपा से जोड़ने का काम करूंगा 2027 में बसपा की सरकार बनेगी।

# औषधीय पादप उत्पादन को जिलाधिकारी देंगी नई गति

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जनपद में औषधीय पौधों, विशेषकर कुटकी के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में कर्मी क्षेत्र में औषधीय प्लांटेशन की कार्ययोजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी,को जिले में कुटकी उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु भेषज संघ को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।साथ ही काश्तकारों को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष प्रयास कर जिले में कुटकी उत्पादन बढ़ाने हेतु भेषज समन्वयक को काश्तकारों की मांग के अनुरूप 11 लाख कुटकी पौधों की आवश्यकता के संबंध में भेषज सचिव को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही कुटकी प्लांटेशन के क्षेत्रफल में वृद्धि करने, प्लांटेशन की बिफोर एवं आफ्टर फोटोग्राफ तथा ड्रोन वीडियो तैयार कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि औषधीय पादप उत्पादन को सशक्त बनाने के लिए कम से कम 15 मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएं।जिलाधिकारी ने भेषज विभाग को कृषि, उद्यान एवं खंड विकास अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए औषधीय पादप उत्पादन हेतु चिन्हित काश्तकारों की सूची उपलब्ध कराने तथा तीन दिवस के भीतर सर्वे कर यह आकलन करने के निर्देश दिए कि काश्तकारों को कंपोस्ट किट की आवश्यकता है अथवा नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 15 फरवरी तक कंपोस्ट किट से संबंधित सभी कार्यवाहियां प्रारंभ कर दी जाएं।इसके अतिरिक्त संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर काश्तकारों से सीधा संवाद स्थापित करने तथा खाद, पानी, कीटनाशक, प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त कर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सिंचाई व्यवस्था के संबंध में कृषि विभाग, सिंचाई विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग को 20 फरवरी तक संयुक्त सर्वे करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कुटकी की बाजार में काफी अधिक मांग है तथा यह फसल जंगली जानवरों से भी सुरक्षित रहती है। उन्होंने कहा कि कुटकी उत्पादन से काश्तकारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावनाएं हैं।वर्तमान में जनपद के लगभग 350 काश्तकार कुटकी की खेती कर रहे हैं, जबकि इस वर्ष 54 कुंतल कुटकी का उत्पादन किया गया है। इसके अतिरिक्त 150 नए काश्तकारों को भी कुटकी उत्पादन हेतु चिन्हित किया जा चुका है।इस अवसर पर सीडीओ आर सी तिवारी, भेषज समन्वयक ताहिर हुसैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएमओ का स्योहारा सीएचसी पर औचक निरीक्षण, 10 मिनट में पहुंची एंबुलेंस, व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर** स्योहारा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डॉ. के.के. राहुल ने बुधवार 28 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं को परखते हुए उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही अपनी ड्यूटी पर तैनात मिले। डिप्टी सीएमओ ने इमरजेंसी, दवा स्टोर, कोल्ड चैन, ओटी सहित विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया, जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। कोल्ड चैन की स्थिति भी सही पाई गई तथा समस्त स्टाफ उपस्थित मिला निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस सेवा की भी जांच की गई, जिसमें केवल 10 मिनट में एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई, जिसे लेकर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। सहसपुर क्षेत्र में चल रहे टीका उत्सव के तहत हकीमपुरा में चिन्हित तीन अवरोधित परिवारों के बच्चों का टीकाकरण भी कराया गया। डॉ. के.के. राहुल ने अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। ड्रेस कोड का पालन न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करते हुए उसका प्रतिदिन जिला स्तर पर प्रिंट आउट भेजने को कहा गया उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। इमरजेंसी मरीजों का तत्काल उपचार, ओपीडी में निःशुल्क दवाएं और आवश्यक जांचें सुनिश्चित की जाएं। बाहर से दवाएं लिखने की प्रवृत्ति पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए गए ठंड के मौसम में फैलने वाले रोगों से निपटने की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। सीएचसी स्योहारा में ठंड वेव के लिए चार बेड आरक्षित पाए गए, जिनके लिए आवश्यक दवाएं व लॉजिस्टिक भी उपलब्ध मिले। सभी कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर भी जोर दिया गया। डिप्टी सीएमओ ने निर्देश दिए कि गांव स्तर पर नियमित रूप से हेल्थ कैंप लगाए जाएं, सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नियमित रूप से खोले जाएं, जहां सीएचओ प्रतिदिन पहुंचकर जांच, दवा वितरण और टेली-मेडिसिन के माध्यम से डॉक्टर से परामर्श उपलब्ध कराएं। साथ ही एनसीडी स्क्रीनिंग, आभा आईडी व आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए।

# सदगुरु सेवा मण्डल समिति द्वारा समाजसेवी कन्हैया लाल तिवारी का हुआ स्वागत

**मुंबई** । सदगुरु सेवा मण्डल समिति द्वारा समाजसेवी कन्हैया लाल तिवारी को अध्यक्ष संतोष कदम द्वारा सम्मानित किया गया युवा समाज सेवी कन्हैया लाल तिवारी सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। उनके इसी को देखते हुए सदगुरु सेवा मण्डल समिति, द्वारा 77वे गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर संतोष कदम के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत करने अध्यक्ष संतोष कदम, उपाध्यक्ष दत्ताराम धाड़वे सेक्रेटरी एकनाथ धाडी खजिनदार विजय फके समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों का 151 में किया चालान

**वेलकम इंडिया**



**जनपद** बिजनौर स्योहारा थाना स्योहारा क्षेत्र में एक युवती द्वारा लगाए गए आरोपों के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका के चलते धारा 151 के अंतर्गत चालान कर दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला तकी सराय निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि हिमांशु पुत्र जगदीश वर्मा ने तीन साल तक सम्बन्ध बनाते हुए चुप चाप शादी भी कर ली थी लेकिन जब उसने ससुराल जाने की बात रखी तो हिमांशु और उसके परिवार वालों ने उसके साथ मारपीट करते कार सहित अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए घर से निकाल दिया था जिस मामले में आरोपियों पर दहेज आदि के मुकदमे भी चल रहे हैं युवती ने आरोप लगाया कि इसी बीच गत 18 जनवरी की शाम हिमांशु वर्मा और आकाश वर्मा पुत्र चंद्रपाल ने पीड़िता को रस्ते में रोकते हुए उससे मुकदमे वापस करने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट और छेड़ छाड़ की थी जिसकी तहरीर पीड़िता ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्योहारा पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस ने मौके की स्थिति एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से हिमांशु और आकाश का 151 सीआरपीसी में चालान कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे

# मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण चोरी



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** किरतपुर।थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर में अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण सहित लाखों रुपए चोरी कर लिए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव भोजपुर निवासी रवि पुत्र स्वर्गीय सुखराम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार सहित गांव नंगली थाना मंडावर गए थे।शाम के समय जब वह घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का लॉक भी टूटा था। और उसमें रखा सारा जेवर और 2 लाख रुपए की नगदी गायब मिली।पीड़ित ने अपनी शिकायत में चोरी किए गए सामान का विस्तृत विवरण दिया है। चोरी किए गए सामान में चांदी के जेवरों में एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी दस्तबंद,एक जोड़ी मेहंदी हाथ,एक मंगलसूत्र,एक चैन, और 5 जोड़ी बिछुए बताए गए हैं। इसके अलावा सोने के आभूषणों में दो जोड़ी टॉस, एक मंगलसूत्र,एक बाली, चार कंगन, दो अंगूठी, वह एक आरसी, एक चैन ,और करीब दो तोले के आसपास के बाजूबंद चोरी होने की बात कही।वही घर में रखी नगदी भी गायब बताई गई।

पुलिस ने प्रथम सूचना के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं तथा अज्ञात चोरो की तलाश की जा रही है।

# आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में सैकड़ो छात्राओं को समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने पाठ्य सामग्री वितरित की

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर के आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में 125 से अधिक छात्राओं को आशुतोष शर्मा के द्वारा पाठ्य सामग्री वितरित की गई।आशुतोष शर्मा ने बताया पहले चरण में 5000 छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।गढ़मुक्तेश्वर के प्रत्येक स्कूल एवं इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की जाएगी।शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार एवं ग्रामीण विकास को लेकर लगातार हमारी टीम काम कर रही है और हमारा उद्देश्य है। गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में सबसे बेहतर विधानसभा हो समाजवादी नेता आशुतोष सरवन ने बताया अब तक लगभग 1500 बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की जा चुकी है और यह क्रम लगातार जारी रहेगा।आदर्श इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री बांटने की इस पहल का समर्थन किया और इसको सराहनीय कदम बताया आदर्श इंटर कॉलेज की छात्राओं के लिए आगे भी कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे।गढ़ गंगा विश्वविद्यालय को लेकर भी हमारी टीम लगातार आवाज उठा रही है और आने वाले समय में गढ़मुक्तेश्वर में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय अवश्य बनेगा आज गढ़ मुक्तेश्वर का प्रत्येक व्यक्ति गढ़ गंगा विश्वविद्यालय के लिए हमारा समर्थन कर रहा है आदर्श इंटर कॉलेज के कार्यक्रम में अंकित भड़ाना वीरेंद्र कश्यप अंकित कौशिक हरिकृष्ण आदि लोग शामिल हुए।

# रैना बिजली घर पर किसानों का धरना प्रदर्शन।

**अगौता/बुलंदशहर**/अगौता थाना क्षेत्र के रैना बिजली घर पर बुधवार को किसानों का अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन शुरू हुआ किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कपिल सिरोही ने बताया कि रैना बिजली घर की ट्यूबवेल की ग्यारह हजार की बिजली की लाइन 12 जनवरी को अज्ञात चोरों द्वारा करीब 30 खांम्बो के तार चोरी हो गये थे तभी से किसान बार बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं लेकिन अभी तक चोरी हुई बिजली की लाइन का तार नहीं आया है जिससे किसानों की गेंहूँ सरसों व गन्ना की फसल सूख रही थी क्षेत्र के किसानों की समस्या को देखते हुए बुधवार को किसान यूनियन के कार्यकताओं ने किसानों के साथ मिलाकर बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि जब तक बिजली के तार नहीं आ जाएँ ।

# जिलाधिकारी को दी बधाईया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना के सदस्यों द्वारा बिजनौर में जिलाधिकारी बिजनौर श्रीमती जगजीत कौर से एक शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा जिलाधिकारी बिजनौर श्रीमती जसजीत कौर को एसआईआर के कार्य को उत्कर्ष ढंग से पूर्ण कराने पर पुरस्कृत किये जाने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा उन्हें शाल पहनाकर एवं पुष्प भेंट कर शुभकामनाएं दी तथा भविष्य के लिए बधाईया दी।इस अवसर पर प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना स. केवल पाल सिंह, मनमीत सिंह, हरमीत मल्होत्रा, युद्धवीर सिंह, सुखविंदर सिंह, क्षेत्रीय मंत्री भाजपा हरजिंदर कौर, अजीत कौर ,सिफत मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे

# काशी की ऐश्वर्या सिंह को मिला पुरस्कार

**वाराणसी मिजार्मुराद**



**भारत** सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधिक कार्य विभाग (विजिलेंस अनुभाग) द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताहझ2025 के अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस क्रम में काशी की ऐश्वर्या सिंह को भी पुरस्कृत किया गया। ऐश्वर्या वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंह की पुत्री है। बता दे कि छात्र को भारत सरकार विधि व न्याय मंत्रालय में इंटर्नशिप के दौरान टास्क दिया गया था

# श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम जनपद मेरठ के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद के पिलखुवा में श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम जनपद मेरठ शाखा का 26 जनवरी 2026 को शाम 7:00 बजे ₹एक शाम देश के वीर सपूतों के नाम₹ गणतंत्र दिवस की शुभ संध्या पर गूगल मीट के माध्यम से आदरणीय अशोक गोयल वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन राम कुमारी ,अरुण पवार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सरस्वती वंदना राम कुमारी जी के द्वारा की गई। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि आ० वीना गोयल जी वरिष्ठ कवयित्री रही ,मुख्य अतिथि माला सिंह जी मेरठ रही, आदरणीय हेमंत सक्सेना जी के विशेष सानिध्य में कार्यक्रम सफलता को प्राप्त हुआ। देश के अनेक राज्यों से कवियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें प्रेमचंद मेरठ, सरिका मेहता मेरठ,विष्णु अवतार रुहेला परीक्षितगढ़ किला, चुन्नी रस्तोगी मेरठ हेमंत सक्सेना मेरठ, मिथिलेश मधुरिमा मेरठ, कल्पक कलपश,मुक्ता शर्मा,आदरणीय कुसुम लता जानी ,आदरणीय अशोक कुमार जानी, दिलीप कुमार शर्मा जी, आदरणीय रीना मित्तल,अरुणा पंवार ,मुख्य अतिथि माला जी अशोक गोयल चक्रवर्ती,वीणा गोयल, आ० किरण,आ० रामस्वरूप मधुरेश जी,डॉ मोहिनी मेरठ, कार्यक्रम अध्यक्ष आ० अशोक गोयल चक्रवर्ती जी ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया और सभी को गणतंत्व दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# गणतंत्र दिवस पर गरीब व असहायों में वितरण हुआ कंबल, क्षेत्र के पत्रकार किये गए सम्मानित

**संदीप तिवारी**



**मिजार्मुराद** कछवारोड़। क्षेत्र के खजुरी गांव स्थित हाईवे के किनारे स्थित सूर्यान्श हॉस्पिटल में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हॉस्पिटल पर झंडारोहण मुख्य अतिथि मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व डॉ. यूएस.गौतम व डॉ. ओपी सिंह द्वारा किया गया।झंडारोहण के बाद हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. शौरभ सिंह द्वारा अलग-बगल गांव के आए हुए बुजुर्ग, असहाय, गरीबों में मुख्य अतिथि समेत उपस्थित लोगों के द्वारा कंबल वितरण किया गया।लगभग दो सौ लोगो में कंबल वितरण के बाद लंच पैकेट दिया गया।वही डॉ. ओपी सिंह व डॉ. शौरभ सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के पत्रकार शैलेन्द्र सिंह 'पिंटू', पत्रकार विन्देश सिंह, पत्रकार उमेश उपाध्याय, पत्रकार अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' को अंगवस्त्र देकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर इं.शिवप्रकाश सिंह, हृदयनारायण सिंह, प्रदीप सिंह (फौजी), पूर्व प्रधान रुद्र प्रकाश सिंह 'सुमन', योगेश सिंह, रोहित गुप्ता, सुजीत उपाध्याय, विधान, असीम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा में निपुण आकलन का सिलसिला जारी, डीएलएड प्रशिक्षु कर रहे बच्चों की क्षमता की जांच

**वेलकम इंडिया,टाण्डा।**



परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की वास्तविक शैक्षिक क्षमता एवं समझ को परखने के लिए निपुण आकलन मंगलवार से शुरू हो गया है। यह काम डीएलएड के प्रशिक्षु कर रहे हैं, जो खास टीमों में बंटकर स्कूल-स्कूल पहुंच रहे हैं।बुधवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। प्रशिक्षुओं ने पदिया नगला प्राथमिक विद्यालय समेत ब्लॉक के कई अन्य स्कूलों में जाकर ऐप के माध्यम से बच्चों की क्षमता का आकलन किया।ब्लॉक में बच्चों के आकलन के लिए कुल 11 टीमें बनाई गई हैं, जिनमें हर टीम में दो-दो प्रशिक्षु शामिल हैं। ये टीमें बहुविकल्पीय सवालों के आधार पर बच्चों की जांच कर रही हैं। भाषा में पढ़ने-समझने की क्षमता और गणित में बुनियादी जोड़-घटाव, गिनती जैसी बातें परखी जा रही हैं। हर आकलन को निपुण ऐप पर तुरंत दर्ज किया जा रहा है। खास बात यह है कि कक्षा 1 और 2 के बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान को ही मुख्य रूप से जांचा जा रहा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार ने बताया कि इस आकलन का मकसद बच्चों की असली प्रगति जानना है। इससे पता चलेगा कि बच्चे कहां मजबूत हैं और कहां सुधार की जरूरत है। हर टीम एक दिन में दो स्कूल कवर कर रही है, ताकि तय समय में सभी परिषदीय स्कूलों का काम पूरा हो सके। बीईओ ने बताया कि आकलन से पहले ही कक्षा 1 और 2 के शिक्षकों ने बच्चों को खूब प्रैक्टिस टेस्ट और वर्कशीट पर अभ्यास कराया था। इस तैयारी से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है और परिणाम ज्यादा सही आने की उम्मीद है बीईओ ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि इस आकलन को हल्के में न लें। इसे बच्चों की बेहतरी का सुनहरा मौका समझें। निपुण आकलन से बच्चों की वास्तविक ताकत सामने आएगी और उनकी पढ़ाई को नई दिशा मिलेगी।बुधवार को प्राथमिक विद्यालय पदिया नगला में पूर्व एआरपी सुभाषचंद्र ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।उन्होंने बताया कि आकलन पूरी तरह निष्पक्ष किया जा रहा है।

# परिक्षेत्र के जनपद हापुड़ व बुलंदशहर माह दिसम्बर- 2025 की उउळठर रैंकिंग में प्रदेश में टॉप-10 में शामिल।

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर** पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा बताया गया कि मुख्यालय पुलिस तकनीकी सेवाएं उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रत्येक माह जनपदों की सीसीटीएनएस रैंकिंग जारी की जाती है जिसके लिये 16 पैरामीटर्स चयनित किये गये हैं। जिसमे मुख्यतः डेटा सिंक, अपराध विश्लेषण पोर्टल, शिकायत का निस्तारण तथा गिरफ्तार/ गुमशुदाओ की फीडिंग आदि प्रमुख है। उक्त के क्रम मे माह दिसम्बर 2025 के डाटा अनुसार जनपदो की रैंकिंग जारी की गयी है, सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले 10 जनपदो मे परिक्षेत्र के जनपद हापुड़ द्वारा प्रदेश में टॉप 10 की सूची में प्रथम तथा बुलंदशहर द्वारा 9वा स्थान प्राप्त किया गया है । गत माह रेंज के सभी जनपदों की सीसीटीएनएस की समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिए गए थे जिस पर जनपद हापुड़ व बुलन्दशहर की टीमों ने अच्छा कार्य किया है।डीआईजी द्वारा पुलिस अधीक्षक हापुड़ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर की सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रशंसा की गई तथा परिक्षेत्र के अन्य जनपदों को भी पूर्ण मनोयोग से मुख्यालय द्वारा सीसीटीएनएस रैंकिंग के लिये चयनित पैरामीटर पर शत प्रतिशत फीडिंग किये जाने एवं तकनीकी मुख्यालय के निदेर्शानुसार भविष्य में भी निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

# करोड़ की परियोजनाओं का सीएम योगी ने किया शिलान्यास व लोकार्पण

असदुल्लाह सिद्दीकी




**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में 1051.87 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने 678.76 करोड़ रुपये परियोजनाओं का शिलान्यास और 373.11 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री द्वारा लोक निर्माण विभाग की 437.26 करोड़ की परियोजनाएं, जिसमें 263 करोड़ लागत की 48 सड़कों शिलान्यास और 174 करोड़ रुपये लागत की 66 सड़कों के निर्माण कार्य का लोकार्पण शामिल है। वहीं, सेतु निगम की 129.02 करोड़ की दो पुल निर्माण की परियोजनाए, जिसमें एक का शिलान्यास व एक का लोकार्पण किया। इसके अलावा जल निगम की 206.97 करोड़ रुपये लागत की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास और सरयू नहर खंड की 115.93 करोड़ रुपये लागत की 28 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

इसके अलावा पर्यटन विभाग, आवास विकास, जिला पंचायत, सिडको, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, नगर पालिका सिद्धार्थनगर व बांसी और नगर पंचायत डुमरियागंज एवं अन्य विभागों की परियोजनाओं को लोकार्पण व शिलान्यास किया।

## ब्लॉक में दिव्यांगों को सहायता उपकरण वितरण किए गए।

**शिकारपुर**/बुधवार को ब्लॉक सभागार में दिव्यांग भारतीय संगठन खुर्जा द्वारा सैकड़ों विकलांग दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व्हील चेयर वोकर लैट्रिन सीट्स कमर बेल्ट आदि सहायता उपकरण वितरित किए गए ब्लॉक सभागार में कलाकारों द्वारा संगीत कार्यक्रम हुआ क्षेत्र के सैकड़ो दिव्यांग बुजुर्ग महिला व पुरुषों को सहायता उपकरण दिये सभी लोग सहायता उपकरण पाकर खुश हुए जीतू भैया ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करना ही मेरा धर्म है इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा जीतू भैया राष्ट्रीय सामाजिक समरसता संगठन शिकारपुर विधान सभा 69 आशु नरवाल अंकुर ठाकुर मुनेश तेवतिया बसपा नेता पंकज कुमार गौतम शक्ति भैया मुनेश शर्मा सुभाष नेताजी कमल सिंह सहित सैकडों गणमान्य लोग उपस्थित रहे

# सघन वाहन चेकिंग अभियान, यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेश पर कस्बा कांधला में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे के प्रमुख मार्गों व चौराहों पर चेकिंग करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा ट्रिपल राइडिंग से बचने के लिए जागरूक किया गया। वहीं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की हिदायत दी गई। पुलिस ने नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के सैकड़ों चालान काटे। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वह स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस की इस कार्रवाई से कस्बे में नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## सिद्धार्थनगर महोत्सवः मुख्यमंत्री ने दिया विकास और मानवता का संदेश



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** इस बार मुख्यमंत्री का संबोधन विकास के पारंपरिक विमर्श से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दिया। उनके भाषण का केंद्र बिंदु परस्पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रहा। एक ऐसी अवधारणा, जो प्रशासनिक तंत्र को निष्क्रियता से बाहर निकालने की क्षमता रखती है।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और नगर निकायों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की बात कहकर यह संकेत दिया कि विकास अब केवल ऊपर से थोपे गए निदेशों से नहीं चलेगा। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करने की उनकी सोच स्थानीय इकाइयों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित कर सकती है। यह मॉडल आदेश आधारित शासन से हटकर प्रेरणा आधारित शासन की ओर इशारा करता है। महिला उद्यमिता, मनरेगा, मत्स्य पालन और काला नमक जैसे स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग का उल्लेख यह दशार्ता है कि प्रतिस्पर्धा केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण का भी माध्यम बन सकती है। जब जिले और पंचायतें नवाचार के जरिए बेहतर परिणाम देने की कोशिश करेंगी।

# जलभराव और बदहाल सड़कों से त्रस्त लोगों ने एमएलसी एवं जिलाधिकारी से लगाई गुहार

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे और देहात क्षेत्र में जलनिकासी की गंभीर समस्या और कच्ची सड़कों की बदहाली को लेकर कांधला के दर्जनभर लोगों ने समाजसेवी हाजी जावेद हसन के नेतृत्व में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान एवं भाजपा एमएलसी विरेन्द्र सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई।शिकायती पत्र में बताया गया कि कस्बे के बाइपास सर्विस डग से लेकर श्याम बाग तक सड़क कच्ची है, जिसके चलते बरसात के मौसम में आवागमन बेहद कठिन हो जाता है। सड़क के समानांतर नाला निर्माण अत्यंत आवश्यक है, ताकि जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

इसके अलावा कांधला देहात क्षेत्र में कब्रिस्तान और श्मशान घाट के आसपास नाला निर्माण न होने से गंदा पानी जमा रहता है, जिससे धार्मिक स्थलों की गरिमा प्रभावित हो रही है और आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं जन्नत कॉलोनी में पानी की निकासी के लिए नाले का अभाव है, जिससे कॉलोनी में जलभराव की स्थिति बनी रहती है।

इसी प्रकार सलेमपुर रोड पर जलनिकासी न होने के कारण बस्ती के लोगों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने भाजपा एमएलसी विरेन्द्र सिंह एवं जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित कर नाला निर्माण एवं सड़क सुधार कार्य शीघ्र कराए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## 77 वां गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।




वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** अहार के बी एल ए हाईस्कूल के परिसर में 77 वां गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल प्रबंधक अरविंद अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया और विचार प्रस्तुत किए।कमेटी अध्यक्ष ने छात्रों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार, सोमवीर सिंह, अमित कुमार, निशांत लोधी आदि मौजूद रहे।थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह ने तिरंगा फहराया। गांव मौहरसा स्थित गायत्री विद्या निकेतन स्कूल मे समाजसेवी बाबू सिंह लोधी ने तिरंगा फहराया। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कमेटी अध्यक्ष डाक्टर धर्मवीर सिंह बच्चों को पुरस्कृत किया। इस दौरान मनोज कुमार, रिंकू सिंह, संतोष कुमार, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे। गांव मौहरसा के जूनियर हाईस्कूल में प्रधान पति धर्म सिंह ने और बढ़पुरा के प्राइमरी स्कूल में प्रधान राकेश सिंह ने गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया। इसके अलावा गांव जटपुरा,नगला नलू, शफीनगर,दरावर, बनवारीपुर, हसनपुर, भगवन्तपुर के स्कूलों, प्रतिष्ठानों, बिजली घर, बैंक, वनविभाग परिसर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया और मिष्ठान वितरण किए गए।

## मनरेगा मजदूर राहुल गांधी के साथ संगठित हों। प्रज्ञा गौड़



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** बुधवार को मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल की बैठक बुलंदशहर सदर ब्लॉक के गांव छोटी मामन में प्रज्ञा गौड़ जिला डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ठाकुर राकेश भाटी ने की जिसमें गांव छोटी मामन के आसपास से जुड़े जॉब कार्ड मनरेगा मजदूर सम्मिलित हुए चौपाल को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ द्वारा केंद्र सरकार पर मजदूर को मनरेगा में बदलाव कर खत्म करने का आरोप लगाते हुए उन्हें अडानी और अंबानी के पक्ष में काम करते हुए किसान नौजवान के बाद मजदूर के हकों पर डाका डालते हुए बर्बाद करने की बात कह कर मजदूरों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ खड़े होकर मनरेगा को बचाने का आह्वान किया।

## सायबर अपराधों पर नियंत्रण एवं पुलिसिंग व्यवस्था मजबूत करने करने हेतु विशेष अभियान चलाने के ननिर्देश

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर**,पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने थाना स्तर पर नशे के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्रवाई करने, लंबित विवेचनाओं व शिकायतों का शीघ्र निस्तारण, महिलाओं से जुड़े अपराधों पर त्वरित कार्रवाई तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती के निर्देश दिए। बुधवार पुलिस लाइन सभागार में मासिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी हुई। सम्मेलन में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना-चौकी व शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। उन्होंने साइबर अपराधों में साइबर सेल से समन्वय बनाकर प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। उत्तरायणी मेले की ड्यूटी को सफलतापूर्वक संपन्न कराने एवं माह दिसंबर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।एसपी ने कोतवाली पुलिस द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर कोतवाल अनिल उपाध्याय की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया।साथ ही उत्कृष्ट कार्य हेतु कौसानी कोतवाली प्रभारी कैलाश नेगी को भी सम्मानित किया।उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी से मित्र पुलिस के तौर पर कर्तव्यनिष्ठा के साथ मिले दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की अपील की।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर अजय साह और मनीष शर्मा सहित वरिष्ठ निरीक्षक टी आर बगरेठा, कैलाश नेगी,अजय बिष्ट, सहित विभिन्न थानों के प्रभारी और एसओजी सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मी मौजूद थे।

## सेवा के संकल्प से सजी सफलता की कहानी

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** समाज सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण का परिचायक बनते हुए संस्था द्वारा आयोजित प्रस्तावित सर्वजातीय सामूहिक विवाह (15 मार्च 2026) की तैयारियों ने अब निर्णायक रफ्तार पकड़ ली है। संस्था कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान 22 जोड़ों का पंजीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा सफलता बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजन को ऐतिहासिक, भव्य और सुव्यवस्थित बनाने को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक का संचालन संस्था की संस्थापिका/अध्यक्ष श्रीमती रुपाली अवस्थी एवं कोषाध्यक्ष श्री सचिन कुमार के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। बैठक में संस्था के सक्रिय पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शरद श्रीवास्तव, महानंदा श्रीवास्तव, सुदीत्त चटर्जी, प्रेमा श्रीवास्तव, निखिल कृष्णा, अवधेश शर्मा, राजेश शर्मा, सुमन देवी, पुष्पा सोनी, रोशनी श्रीवास्तव, रामशरण तिवारी, सुनीता पाल, बबिता केसरवानी, नेहा केसरवानी सहित अनेक सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 मार्च 2026 को होने वाला यह सर्वजातीय सामूहिक विवाह आयोजन न केवल सामाजिक समरसता का प्रतीक बने, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए सम्मान, सुरक्षा और खुशियों का संदेश भी दे। तैयारियाँ पूरे जोरों पर हैं, संस्था का हर सदस्य तन-मन-धन से इस पुण्य कार्य में जुटा हुआ है। इस मौके पर संस्था की संस्थापिका/अध्यक्ष श्रीमती रुपाली अवस्थी ने कहासर्वजातीय सामूहिक विवाह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्ग के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। संस्था का हर सदस्य इसे अपने परिवार का दायित्व मानकर कार्य कर रहा है, यही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

# कई धार्मिक और समाजसेवी संस्थाओं व संगठनों के द्वारा सम्मानित हुए पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री व मीरा शास्त्री

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन** ।गांधी मार्ग स्थित श्रीनाथ धाम में नगर की प्रमुख धार्मिक और समाजसेवी संस्थाओं व संगठनों के द्वारा प्रख्यात अध्यात्मविद् व श्रीमद्भागवत के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध प्रवक्ता, पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री एवं श्रीमती मीरा शास्त्री का उनके द्वारा धर्म-अध्यात्म के क्षेत्र में दी गई अविस्मरणीय सेवाओं के लिए सम्मान व अभिनंदन किया गया ।जिसमें विभिन्न स्थानों से आए विशिष्ठ व्यक्तियों ने उन्हें सम्मानित कर प्रभु से उनके उज्जवल भविष्य व दीर्घ जीवन की मंगल कामना की। श्रीनाभापीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज एवं श्रीमहंत अमरदास महाराज ने कहा कि पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री की धर्म के क्षेत्र में अनेकों कीर्तिमान हैं ।उनके द्वारा निर्धन विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत, रामायण व भगवद्गीता आदि धर्म ग्रंथों की निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है ।साथ समाजसेवा के विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल व पद्मश्री कृष्ण कन्हाई चित्रकार ने कहा कि पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री धर्म व अध्यात्म जगत की बहुमूल्य धरोहर हैं ।उन्होंने अल्प आयु में ही कई धर्म ग्रंथो का अध्ययन कर भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार किया है ।जो कि अविस्मरणीय है। प्रख्यात साहित्यकार ऱ्यूपी रत्नऱ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं याज्ञिक रत्न आचार्य विष्णुकांत शास्त्री ने कहा कि पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण, श्रीमद्रामायण, शिव महापुराण एवं श्रीमद्देवीभागवत आदि धर्म ग्रंथों के माध्यम से देश-विदेश के असंख्य व्यक्तियों को धर्म के मार्ग से जोड़ने का कार्य जो अभूतपूर्व कार्य किया है, वो अति प्रशंसनीय है। श्रीराम कथा मर्मज्ञ अशोक व्यास महाराज एवं पण्डित आर.एन. द्विवेदी उर्फ राजू भैया ने कहा कि डॉ. मनोज मोहन शास्त्री की देश,समाज व अध्यात्म जगत के लिए अनेकों देनें हैं ।उनका व्यक्तित्व व कृतित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा व ऊर्जा का श्रोत है ।क्योंकि वे प्रत्येक क्षण धर्म, अध्यात्म व समाजसेवा के क्षेत्र में पूरे उत्साह व समर्पण के साथ तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर बागेश्वर धाम सरकार के परम्लाडले रोहित रिछारिया, ब्राह्मण महासभा के संरक्षक पंडित सुरेशचंद्र शर्मा, अध्यक्ष पंडित महेश भारद्वाज, भागवताचार्य मृदुलकांत शास्त्री, प्रख्यात भजन गायक बनवारी महाराज, रासाचार्य स्वामी हरिवल्लभ शर्मा (छोटे ठाकुर), रासाचार्य स्वामी अवधेश शर्मा, तुलसी स्वामी, पण्डित सौरभ गौड़, पण्डित श्याम सुन्दर ब्रजवासी, वैष्णवाचार्य धीरज बावरा, डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य सुमंत कृष्ण महाराज, पद्मनाभ शास्त्री, आचार्य घनश्याम दुबे, प्रमुख भाजपा नेता पण्डित विनीत शर्मा, बांके बिहारी मंदिर के सेवायत दिनेश गोस्वामी, मुरारी स्वामी, आचार्य जुगल महाराज, आचार्य जगदीश चन्द्र शास्त्री, पण्डित हरिहर मुद्गल, स्वामी निवासाचार्य महाराज, आचार्य बुद्धिप्रकाश शास्त्री, आचार्य शिवांश भाई मिश्र, पण्डित सुधीर शुक्ला आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का समापन सन्त, वैष्णव, ब्रजवासी सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ ।जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

## शक्ति ने ओवर लोड वाहनों को बंद कराने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

**डिबाई/बुलंदशहर**/भारतीय किसान यूनियन जन शक्ति ने उपजिलाधिकारी डिबाई को ज्ञापन देकर संभल की तरफ से आ रहे बालू के ओवरलोड वाहनों को रोकने की माँग की। उपजिलाधिकारी डिबाई को दिए गये ज्ञापन में कहा कि संभल से आने वाले बालू के ओवरलोड व बिना रॉयल्टी (एम एम -11) के वाहन बुलंदशहर व हापुड़ तक जा रहे हैं ।इन वाहनों को तत्काल प्रभाव से बंद करने की माँग की ।भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर चौधरी ने कहा की आये दिन ओवरलोड वाहनों से दुर्घटनाएं हो रही हैं और विना रॉयल्टी के सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# गणतंत्र दिवस के दिन सेवा से जोड़े गए शहर के कई परिवार : सुरभि अरोड़ा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। दशमेश खालसा परिवार के लिए गणतंत्र दिवस का यह दिन सुबह से ही सेवा बना रहा जिसमें सुबह सहयोगी संस्था स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में चाय के लंगर की संपूर्ण सेवा दशमेश खालसा द्वारा निभाई गई। उसके पश्चात दिल्ली पब्लिक स्कूल कद्राबाद में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल प्रशासन द्वारा सहयोग के रूप में दशमेश खालसा की निरंतर सेवाओं को समाज में देखते हुए अपने कार्यक्रम में निशुल्क स्टॉल प्रदान किया गया। जिसमें संस्था के द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए सभी परिवारों और बच्चों को तिरंगा लगाकर सम्मानित किया गया तथा दशमेश खालसा द्वारा दी जा रही सभी सेवाओं के बारे में विवरण में बताया गया। जिसकी परिणाम स्वरूप लगभग 40 से ज्यादा परिवार ने दशमेश खालसा के साथ जुड़ने की इच्छा जताई तथा ट्रस्ट द्वारा दी जा रही सभी सेवाओं को सराहा और सभी सेवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अपनी सेवाएं देने का भी आश्वासन दिया।।

इसके पश्चात दशमेश परिवार द्वारा शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का पेपर मिल पर पूरी टीम द्वारा पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। दशमेश खालसा महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती सुरभि अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम उद्देश्य समाज में ज्यादा से ज्यादा परिवारों तक अपनी सेवाओं के बारे में जानकारी पहुंचाना तथा परिवारों को जोड़ना है। आज की सेवा में मुख्य रूप से अध्यक्ष विकास भसीन, महामंत्री सरदार गुरमीत सिंह,उपसचिव आशीष अरोड़ा, ट्रस्टी पवन खुराना ,ट्रस्टी अमित वशिष्ठ, ट्रस्टी विपिन खन्ना ,ट्रस्टी अभिषेक सिंह ,ट्रस्टी हरजीत सिंह, ट्रस्टी यश भसीन,ताहिल कोहली तथा महिला विंग से अध्यक्ष सुरभि अरोड़ा,महामंत्री रैना भूटानी,ट्रस्टी नैंसी जी,सीमा अरोड़ा मौजूद रही ।।

# स्वर्ण समाज के लोगों ने तहसील पर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। यूजीसी के विरोध मे स्वर्ण समाज के लोगो ने तहसील मोदीनगर पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। स्वर्ण समाज ने आगामी 1 फरवरी को भारत बंद का अवहान किया है और सभी से निवेदन किया है की भारत बंद मे बढ़ चढ़ कर भागेदारी दे जिसे सरकार की आँखे खुल जाये नए नियमों के बाद सामान्य वर्ग के शिक्षार्थियों के लिए तो शिक्षा ग्रहण करना ही असंभव हो जाएगा। अगर सरकार ने इन नियमों को वापस नहीं लिया तो यह समाज व देश के लिए बहुत घातक साबित होगा इस मौके पर पूर्व तहसील बार अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, बार सचिव नकुल त्यागी, प्रदीप शर्मा सभासद, बी के शर्मा, ऋषि शर्मा, सचिन शर्मा, अमित शर्मा एडवोकेट, बाबूराम शर्मा, नन्द किशोर त्यागी,विनीत शर्मा, पुनीत त्यागी, मनीष बंसल, सुनील द्विवेदी, सुनील शर्मा, सागर शर्मा, मनीष शर्मा, विनय शर्मा, रजत शर्मा, बिटू पंडित, योगी शर्मा पंकज शर्मा, विशाल शर्मा,नीतीश शर्मा, राजीव त्यागी, अमित त्यागी, नितिन गर्ग, विनीत गर्ग आदि लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। सरस्वती शिशु मंदिर, सारा रोड, गोविंदपुरी, मोदीनगर में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सूर्य हॉस्पिटल, मोदीनगर के डॉ. श्री पराग कुमार (कैंसर रोग विशेषज्ञ अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली) एवं डॉ. श्रीमती कविता शर्मा (स्त्री रोग विशेषज्ञ) मुख्य अतिथि के रूप में तथा डॉ. श्रीमती विप्रा भाटिया (दंत चिकित्सक), रजत अरोड़ा (पंजाब ऑप्टिकल्स), मोदीनगर तथा अमित गर्ग (समाजसेवी), मोदीनगर ने ध्वजारोहण किया। सभी ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। विद्यालय के भैया-बहनों ने अपनी सुंदर एवं आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। डॉ. श्रीमती कविता शर्मा ने अपने उद्बोधन में भैया-बहनों को शिक्षा में परिश्रम कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के व्यवस्थापक श्री मनीष गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री अजय कुमार गुप्ता, प्रबंध समिति के सदस्य मुकुल अरोड़ा, डॉक्टर हेडगेवार शिशु कल्याण समिति के उपाध्यक्ष आनंद त्यागी, कोषाध्यक्ष विजय कारण, सदस्य दक्ष भाटिया, सुनील भाटिया तथा मुकुल अरोड़ा उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं दशमेश खालसा संगठन द्वारा गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)।77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं दशमेश खालसा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसमें राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई तथा उपस्थित नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं पतंजलि योगपीठ के स्वामी आरोग्य देव महाराज ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निमार्ताओं के योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें समानता, न्याय और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों, विचार गोष्ठी एवं सामाजिक एकता को सशक्त करने वाले संदेशों ने वातावरण को देश प्रेम से ओतप्रोत कर दिया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं दशमेश खालसा संगठन के पदाधिकारियों ने समाज में भाईचारा, सेवा भावना एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सीडीओ बुलंदशहर को किया सम्मानित

**बुलंदशहर** उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद की सीडीओ को किया सम्मानित 28 जनवरी 2026 को योजना भवन सभागार लखनऊ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अध्यक्षता में आयोजित 75 जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जनपद बुलंदशहर के मिशन द्वारा गठित 64 संकुल स्तरीय संघ में सी एल एफ कट ऑफ एंट्री में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उपमुख्यमंत्री के कर कमलों से जनपद की मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया ।

## महिला मंगल दल के द्वारा बच्चों को पेन - पेंसिल का वितरण किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। मोदीनगर तहसील के ग्राम अमराला में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महिला मंगल दल के द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। ग्राम अमराला की महिला मंगल दल अध्यक्ष कोमल कुमारी के द्वारा युवा कल्याण विभाग के निर्देशन में बच्चों को पेन - पेंसिल का वितरण करके शिक्षा के क्षेत्र में गिलहरी जैसा सहयोग किया गया। कोमल कुमारी समय-समय पर इस तरह के सहयोग करती रहती है। इस अवसर पर मानसी, अंजलि, प्रीति इत्यादि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एस आर एम आई एस टी मोदीनगर में 30 जनवरी को होगा विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एसआरएमआईएसटी), दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद द्वारा ,30 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह स्नातक छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि का प्रतीक होगा तथा उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता का उत्सव होगा।यह विशेष दीक्षांत समारोह एसआरएमआईएसटी के संस्थापक कुलाधिपति, प्रो-कुलाधिपतियों एवं कार्यकारी परिषद के सदस्यों के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता डॉ. रवि पचामुथु, प्रो-कुलाधिपति (प्रशासन), एसआरएमआईएसटी द्वारा की जाएगी। इस गरिमामय अवसर पर श्रीमती रक्षा निखिल खडसे, केंद्रीय राज्य मंत्री (युवा कार्य एवं खेल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी तथा दीक्षांत संबोधन प्रदान करेंगी, जिससे विद्यार्थियों को प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा।प्रातः 10:00 बजे शैक्षणिक जुलूस के साथ समारोह का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके पश्चात ईश्वर वंदना एवं मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया जाएगा। प्रो-कुलाधिपति (प्रशासन) द्वारा स्वागत भाषण दिया जाएगा तथा एसआरएमआईएसटी के कुलपति द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत प्रो-कुलाधिपति (प्रशासन) द्वारा दीक्षांत समारोह के औपचारिक उद्घाटन की घोषणा की जाएगी।मुख्य अतिथि द्वारा उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की प्रस्तुति एवं उपाधियों का वितरण किया जाएगा। दीक्षांत परंपरा के अनुरूप शपथ ग्रहण एवं उपाधियों का औपचारिक प्रदान समारोह का प्रमुख आकर्षण होगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान, शैक्षणिक जुलूस की वापसी एवं डिसरोबिंग के साथ किया जाएगा।इसके पश्चात गणमान्य अतिथियों के लिए हाई टी की व्यवस्था की जाएगी तथा मुख्य अतिथि का प्रस्थान होगा। यह विशेष दीक्षांत समारोह शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति एसआरएमआईएसटी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करेगा तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपलब्धियों का सम्मान करेगा।

## बसपा सुप्रीमो मायावती ने दिनेश गौतम को सौंपी जिले की कमान, बनायें गयें पुन: जिलाध्यक्ष

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु मायावती ने किया संगठन में बड़ा फेर-बदल किया है पूर्व में कयी बार जिला अध्यक्ष रहे दिनेश चन्द्र गौतम को पुनः जिला अध्यक्ष सिद्धार्थनगर बनाया है। दिनेश चन्द्र गौतम अनुभवी और पुराने कार्यकर्ता हैं इस का लाभ पंचायत चुनाव में बसपा को मिल सकता है दिनेश चन्द्र गौतम को अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में उत्साह है पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद पूर्व जिला जिला अध्यक्ष भरतलाल निषाद इन्द्र जीत गौतम चन्द्र बहाल गौतम आशीष कुमार गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश कुमार गौतम शुभकरन चौधरी अंगद राज गौतम शहंशाह शलमानी मुनीराम राजभर अशोक कुमार बौद्ध शीश कुमार बौद्ध पिंगल प्रसाद सतीश कुमार गौतम घनश्याम गौतम सोलंकी नेता गिरीश वरूण रमाकांत कन्नौजिया विजय पाल कन्नौजिया खुर्शीद आलम सिद्धार्थ गौतम सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया।

# कवि सम्मेलन का आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :-संस्थान बरेका के तत्वाधान में काशी काव्य संगम के सहयोग से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार इकबाल जमानवी तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार छाया शुक्ला एवं गिरीश पांडे रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डाक्टर महेन्द्र नाथ तिवारी अलंकार ने किया कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को अंगीकृत संविधान के अवसर पर हम प्रतिवर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं हमें संविधान में दिए गए नियमों का पालन करते हुए अपने भारत देश को उन्नति की




ओर ले जाना चाहिए इसी संविधान ने हमें अपना अधिकार दिया है जो हम सबको पता है पर इसी में दर्ज कर्तव्यों की जानकारी भी हमें होनी चाहिए जब हम अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तभी हमें अधिकार की भी बात करनी चाहिए आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई देता हूं इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने वक्तव्य में लोगों को संबोधित किया तत्पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस कवि सम्मेलन में निम्न कवि व कवित्रियों ने काव्य पाठ करते हुए पूरे माहौल को राष्ट्र प्रेम में डूबा दिया अखलाक खान भारतीय,आलोक सिंह बेताब,सूर्य प्रकाश मिश्रा,आनंद कृष्ण मासूम,डॉक्टर नसीमा निशा,धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव,प्रताप शंकर दुबे,गिरीश पांडे, परमहंस तिवारी परम,गणेश सिंह प्रहरी,विजय चंद्र त्रिपाठी, सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध, महेंद्र अलंकार,जयप्रकाश मिश्रा, मुनिंद पांडे मुन्ना,ओम प्रकाश चंचल,रामजतन पाल, अखिलेश कुमार,भुलक्कड़ बनारसी,विकास पांडे,सूर्यदीप कुशवाहा,डॉ वत्सला,करुणा सिंह,विंध्याचल पांडे, संजय गुप्ता,डॉक्टर इशरत जहां,सीताराम विक्रांत,अनुराग,सहाना चटर्जी,शमीम गाजीपुर,प्रदीप कुमार,राम नरेश,उषा पांडे, शरद श्रीवास्तव,राकेश दुबे,गोपाल केसरी,सूर्य दीप कुशवाहा उपेंद्र यादव, श्रेयांश पाठक,विमल बिहारी, विकास पांडे विदिप्त,राजीव गौड़,संतोष कुमार प्रीत, देवेंद्र कुमार पांडे,मधुलिका राय,साधना शाही,डा.रेशमा खातून, संगीत तिवारी,अरुण द्विवेदी,गौतम अरोड़ा सरस,निकेता सिंह,टीकाराम शर्मा,दीपक शर्मा,इकबाल जमानवी,छाया शुक्ला इत्यादि ने अपनी अपनी रचनाओं से ऐसा समा बाधा की पूरा वातावरण देश प्रेम में सराबोर हो गया।

## सीएम योगी के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कडे.इंतजाम

वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कडे इंतजाम किए गए थे। नेपाल बॉर्डर से सटा हुआ जनपद होने के कारण कई लेयर में सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। पंडाल में बनाए गए प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही लोगों को प्रवेश दिया गया। सुरक्षा को कई सेक्टर में बांटा गया था, जहां एएसपी और सीओ नोडल अधिकारी के रूप में मॉनिटरिंग करते हुए नजर आए। वहीं, मेन प्वाइंट मंच पर एसपी खुद मौजूद रहे।सिद्धार्थनगर महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मंगलवार को सीएम योगी



आदित्यनाथ आगमन हुआ। उनके आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम कर लिए गए थे। सुरक्षा को जोन और सेक्टर में बांट दिए गए थे, जहां बाहर जनपद के छह सीओ और दो एएसपी के अलावा 500 सुरक्षा कर्मी आए हुए थे। वहीं, जिले के छह सीओ और सभी इंस्पेक्टर और पुलिस बल सुरक्षा में लगी रही। अशोक मार्ग साड़ी तिराहा पर सीएम के आगमन से कुछ देर पहले ही वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया। जांच के बाद ही लोगों को कार्यक्रम की ओर बढ़ने दिया गया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर कई चरण में सुरक्षा व्यवस्था की नजर आई।

## उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के जिला ईकाई व प्रदेश संगठन में नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- चन्द्रा चौराहा स्थित तनिष्क बैंक्वेट हॉल में उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के जिला ईकाई व प्रदेश संगठन में नवनियुक्त पदाधिकारी जनों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का किया गया आयोजन कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ 3545 के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत के साथ शोहरतगढ़ के लोकप्रिय विधायक (अपना दल एस) विनय वर्मा हाटा से भाजपा के कर्मठ विधायक मोहन वर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाराणसी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष वर्मा रहे कार्यक्रम में उत्तर




प्रदेश के लगभग चालीस जिलों से संगठन के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित हुये कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोने,चाँदी के बढ़ते किमतों से व्यापार पर पड़ रहे असर तथा दुकानदारों के सुरक्षा के विषय पर लोगों ने चर्चा किया कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत व संचालन उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के प्रदेश महामंत्री शैलेश वर्मा ने किया कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष पद पर सीवान के प्रतिष्ठित व्यवसायी सत्यम भारती के नाम की घोषणा किये जिसका उपस्थित लोगों ने समर्थन किया ।

# जनता दर्शन में त्वरित समाधान को लेकर डीएम सख्त, अधिकारियों को दिए निर्देश

वेलकम इडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में लगातार बढ़ रही शिकायतों की संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का शत-प्रतिशत और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, दिव्यांगजन कल्याण विभाग, विद्युत, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति, पशुपालन, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की बात को ध्यानपूर्वक सुना और यह भी जानकारी ली कि संबंधित समस्या के समाधान हेतु पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था या नहीं। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां मौके पर जाकर जांच की जाए और वास्तविक स्थिति के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना भी अनिवार्य किया गया, ताकि समाधान की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। विशेष रूप से भूमि संबंधी विवादों के मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि यदि उनकी कोई शिकायत है तो पहले संबंधित विभागीय अधिकारी को अवगत कराएं। यदि वहां समाधान नहीं होता है, तो जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी (एल/ए) अवनीश, अपर जिलाधिकारी सिटी विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 5-डे बैंकिंग की मांग पर बैंककर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल, जोरदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** बैंकों में पांच दिवसीय कार्यप्रणाली लागू न किए जाने के विरोध में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के आह्वान पर बुधवार को राष्ट्रव्यापी एकदिवसीय हड़ताल की गई। लगातार दो दिन के सार्वजनिक अवकाश के बाद मंगलवार को बैंक खुलने थे, लेकिन हड़ताल के चलते यह लगातार तीसरा दिन रहा जब बैंक काउंटरों पर कामकाज ठप रहा। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ा, हालांकि डिजिटल बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से चालू रहीं। हड़ताल के चलते गाजियाबाद जिले की लगभग सभी बैंक शाखाओं में चेक क्लियरेंस, नकद जमा-निकासी और काउंटर से जुड़ी सेवाएं बाधित रहीं।

हालांकि इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और कार्ड भुगतान जैसी डिजिटल सेवाएं बिना किसी रुकावट के संचालित होती रहीं, जिससे ग्राहकों को आंशिक राहत मिली। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में पहले से ही हर माह दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश रहता है। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और यूएफबीयू के बीच हुए समझौते के अनुसार शेष बचे शनिवारों में अवकाश घोषित करने के बदले बैंककर्मी सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य करने को तैयार हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार द्वारा पांच दिवसीय बैंकिंग को अब तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में गहरा रोष है। यूएफबीयू के आह्वान पर गाजियाबाद में बैंककर्मियों ने नवयुग मार्केट स्थित केनरा बैंक और कविनगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में यूनियन पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को दोहराया। इस दौरान सर्किल सेक्रेटरी पारस सिंह, सर्किल प्रेसिडेंट सुदीप सिरोही, वाइस प्रेसिडेंट वरुण गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल बैंककर्मियों ने कहा कि बढ़ते कार्य दबाव, लगातार बढ़ते टारगेट और मानसिक तनाव के कारण बैंक कर्मचारी अत्यधिक दबाव में काम कर रहे हैं। पांच दिवसीय बैंकिंग लागू होने से कर्मचारियों को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन मिलेगा।

# नेत्र शिविर का आयोजन किया गया





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति और वरदान नेत्र चिकित्सा संस्थान के परस्पर सहयोग से दि 26 जनवरी 2026 को एक वृहद नेत्र शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 350 नेत्र रोगियों के नेत्रों की वरिष्ठ एवं सुयोग्य चिकित्सकों द्वारा गहन जांच करने के उपरांत 166 रोगियों को मोतियाबिंद (३१३) का रोगी पाया गया और समूह बना कर उनका ऑपरेशन आरंभ कर दिया गया तदोपरांत आज दि 28जन को उनकी पट्टी खोल कर दवाई और चश्मे वितरित किए गए। मरीजों की खुशी और संतुष्टि देख कर समिति के पदाधिकारियों को आगे और अधिक जोश के साथ काम करने की प्रेरणा मिली, उत्साहवर्धन हुआ वरदान नेत्र चिकित्सा संस्थान में हुए इस वृहद कैंप में कर्मचारियों एवं चिकित्सकों की भागीदारी के साथ ही समिति की ओर से अध्यक्ष डॉ जे एल रैना, महा सचिव आर के गुप्ता, एल डी शर्मा, रमेश अरोड़ा, डी के शर्मा, आदि ने उपस्थित हो कर पूर्ण सहयोग दे कर शिविर को सफलता प्रदान की।

# यूजीसी के नए नियमों पर उबाल, हाथों में बेडियां, तन पर कफन पहनकर दिया गया ज्ञापन

वेलकम इडिया

**गाजियाबाद।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के खिलाफ गाजियाबाद में बुधवार को तीखा विरोध देखने को मिला। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान ने इन नियमों को सामान्य वर्ग को दबाने और कुचलने का प्रयास बताते हुए सरकार से इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की।

विरोध के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में बेडियां और तन पर कफन पहनकर ज्ञापन सौंपा, जिससे आक्रोश का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आया। बी.के. शर्मा हनुमान ने कहा कि यूजीसी के नए नियम लागू होने के बाद सामान्य वर्ग के शिक्षार्थियों के लिए शिक्षा ग्रहण करना और शिक्षकों के लिए शिक्षण कार्य करना लगभग असंभव हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नियम समाज में भेदभाव को बढ़ावा देंगे और अराजकता फैलाने का कारण बनेंगे। उनका कहना था कि सरकार यदि समय रहते इन नियमों को वापस नहीं लेती है तो इसके गंभीर सामाजिक और राष्ट्रीय परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने नए नियमों के तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में गठित की जाने वाली इक्विटी कमेटी पर भी सवाल उठाए। कहा कि इस समिति में एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग वर्ग के प्रतिनिधियों की अनिवार्य मौजूदगी तो तय की गई है, लेकिन सामान्य वर्ग के प्रतिनिधित्व का कोई प्रावधान नहीं है। इससे जांच प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रह सकेगी और सामान्य वर्ग के छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के खिलाफ इन नियमों का दुरुपयोग किया जा सकता है। बी.के. शर्मा हनुमान ने यह भी आरोप लगाया कि झूठी शिकायत करने पर दंड का प्रावधान हटाए जाने से सामान्य वर्ग के खिलाफ झूठे मामलों की बाढ़ आ सकती है। इससे उत्पीड ?, शोषण और दमन की स्थिति बनेगी, जिससे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढा और कार्य करना कठिन हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी चाहते हैं कि दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों के साथ किसी भी तरह का अन्याय न हो, लेकिन नियम बनाते समय सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान देता है, जबकि यूजीसी के नए नियम इस मूल भावना के विपरीत हैं। भेदभाव रोकने के लिए भारतीय न्याय संहिता में पहले से ही प्रावधान मौजूद हैं, ऐसे में अलग से समिति बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने सवाल उठाए। उनका कहना था कि मौजूदा कानूनों को सही तरीके से लागू कर भेदभाव को खत्म किया जा सकता है, न कि किसी एक वर्ग को असुरक्षित बनाकर। अंत में बी.के. शर्मा हनुमान ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इन नियमों को वापस नहीं लिया तो इससे समाज में असंतोष और अराजकता का माहौल बनेगा, जिसका लाभ देशविरोधी ताकतें उठा सकती हैं।




इस अवसर पर वैश्य शिरोमणि परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वी.के. अग्रवाल सहित सुरेंद्र पाल त्यागी, अनिल त्यागी, प्रवीण त्यागी, अश्वनी त्यागी, सोबिंदर त्यागी, रमेश चंद शर्मा, धर्मेंद्र सिंह चौधरी, एडवोकेट शैलेंद्र त्यागी, कल्याण देव, हिमांशु शर्मा, पार्षद नरेंद्र मेहता समेत सैकड़ों समाजसेवी और सर्व समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गरीब श्रमिकों को सशक्त बनाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : जिलाधिकारी



जिलाधिकारी ने नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, जल निगम एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निमार्णाधीन स्थलों पर ठेकेदारों के सहयोग से कार्यरत सभी निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा ई–श्रम एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक श्रमिकों को पंजीकृत किया जाए। बैठक में जल निगम, लोक निर्माण विभाग, नगर निकायों, श्रम विभाग, श्रमिक संगठनों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में बुधवार को जिला श्रम बन्धु समिति, बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति, जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय बंधुआ श्रम सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में श्रमिकों के पंजीकरण, कल्याणकारी योजनाओं के लाभ तथा बाल एवं बंधुआ श्रम उन्मूलन को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि गरीब और असंगठित श्रमिकों को योजनाओं से जोड़कर सशक्त बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र श्रमिक का अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराया जाए और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। श्रमिकों से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, कोताही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने आगामी माह में श्रमिक पंजीकरण की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाने के निर्देश भी दिए। उप श्रम आयुक्त श्री अनुराग मिश्र ने बैठक में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असंगठित क्षेत्र के वे सभी श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है, जो ईएसआई, ईपीएफ अथवा एनपीएस से आच्छादित नहीं हैं और आयकरदाता नहीं हैं, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत लाभान्वित किए जा रहे हैं। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रमिक को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन तथा मृत्यु उपरांत उसके आश्रित को पेंशन का 50 प्रतिशत दिए जाने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत गृह आधारित कर्मकार, फेरी लगाने वाले, मध्यान्ह भोजन कर्मकार, ईंट भ्ा श्रमिक, सिर पर बोझा ढोने वाले, मोची सहित विभिन्न व्यवसायों से जुड़े श्रमिकों को आच्छादित किया जा रहा है।

## क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में 30 जनवरी को लगेगी पासपोर्ट लोक अदालत

**गाजियाबाद।** पासपोर्ट आवेदकों की वर्षों से लंबित फाइलों और प्रक्रियागत अड़चनों को दूर करने की दिशा में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा एक सराहनीय और जनहितकारी कदम उठाया गया है। इसी क्रम में 30 जनवरी 2026 को 'पासपोर्ट लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लंबित आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी और मानवीय दृष्टिकोण से निस्तारण सुनिश्चित करना है। यह लोक अदालत शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद स्थित कक्ष संख्या 320 में आयोजित की जाएगी।

# जीडीए ने प्रमुख आवासीय योजनाओं, सड़कों और सीवरेज परिसंपत्तियों का किया विधिवत हस्तांतरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में नागरिक सुविधाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनकेन्द्रित बनाने की दिशा में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम उठाया है। प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रमुख आवासीय योजनाओं, मुख्य सड़कों एवं आधारभूत ढांचा परियोजनाओं का विधिवत हस्तांतरण निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित निकाय को किया गया, जिससे शहरी सेवाओं के संचालन और अनुरक्षण में नई गति मिलेगी। इस क्रम में जीडीए द्वारा स्वर्णजयंतीपुरम, कपूर्रीपुरम के बी-ब्लॉक, भाऊराव देवरस योजना के केए एवं केबी ब्लॉक, प्रताप विहार, गोविन्दपुरम के सीपी ब्लॉक, राजनगर एक्सटेंशन मुख्य बंधा रोड तथा पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मधुबन बापूधाम स्थित 56 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का विधिवत हस्तांतरण किया गया। यह सम्पूर्ण हैंडओवर प्रक्रिया गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त, जीडीए एवं नगर निगम की संयुक्त टीम की उपस्थिति में आपसी सहमति से हस्ताक्षर कर पारदर्शी एवं अभिलेखीय रूप से सम्पन्न हुई। हस्तांतरण के अंतर्गत संबंधित परिसंपत्तियों से जुड़े तकनीकी अभिलेख, ड्रॉइंग्स तथा संचालन और अनुरक्षण से जुड़े आवश्यक दस्तावेज भी सौंपे गए, ताकि भविष्य में इन क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं का संचालन निर्बाध रूप से किया जा सके। इन योजनाओं के सुदृढ़ीकरण, नियमित रख-रखाव एवं नागरिक सुविधाओं के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 66 करोड़ 32 लाख रुपये की धनराशि नगर निगम को उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत लगभग 33 करोड़ 16 लाख रुपये फरवरी माह में तथा शेष 33 करोड़ 16 लाख रुपये मार्च माह में नगर निगम को प्रदान किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय सहयोग से संबंधित क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, सड़क अनुरक्षण, सीवरेज एवं जल निकासी प्रबंधन, हरित विकास, यातायात व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।